हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 201, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 जनवरी, 2024 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

हमारी सरकार गरीबों के लिए समर्पित : प्रधानमंत्री

सोलापुर में लोगों को संबोधित करते हुए भावुक हुए पीएम मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोलापुर में जनता को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। दरअसल पीएम आवास योजना के तहत सोलापुर में गरीब तबके के लोगों के लिए आवासीय कालोनी की निर्माण किया गया है। इस आवासीय कालोनी को जनता को समर्पित करते हुए पीएम मोदी भावुक हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'हजारों गरीबों और मजदूर साथियों के लिए हमने जो संकल्प लिया था, वो पूरा हो रहा है। आज पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी आवासीय योजना का लोकार्पण हो रहा है। मैं खुद जाकर देखकर आया, मुझे भी लगा कि काश मुझे भी बचपन में ऐसे ही घर में रहने को मिलता।' इसके बाद पीएम मोदी भावुक होते हुए बोले- 'जब भी ये चीजें देखता हूं तो मन को बड़ा संतोष होता है कि हजारों परिवारों के सपने जब साकार होते हैं, उनका आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी होती है।'

सोलापुर में रेनगर हाउसिंग सोसाइटी में बने 15 हजार घरों को जनता को समर्पित करते हुए पीएम मोदी ने ये बातें कही। इन घरों के लाभार्थियों में हैंडलूम वर्कर, वेंडर्स, पावरलूम वर्कर, बीड़ी वर्कर और ड्राइवर आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा 'हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन हो, देश में ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है। मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। इसलिए हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने।'

प्रधानमंत्री ने कहा 'दो प्रकार के विचार होते हैं, एक में राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को भड़काते रहे। हमारा मार्ग है आत्मनिर्भर श्रमिक और गरीबों का कल्याण। हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओं के नारे लगते रहे लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। पहले की सरकारों की नीयत, निष्ठा कटघरे में थी।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र दौरे पर राज्य को दो हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी सुबह करीब ग्यारह बजे कलबुर्गी एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से सोलापुर पहुंचे। सोलापुर में सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम फडणवीस और राज्यपाल रमेश बैंस भी मौजूद रहे। सीएम ने पगड़ी पहनाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने AMRUT 2.0 परियोजना का शुभारंभ किया। इसके तहत शहरों-कस्बों में हर घर पानी पहुंचाया जा रहा है। साथ ही सभी सीवेज को कवर भी किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने बोइंग के तकनीकी केंद्र का किया उद्घाटन

बेंगलूरू। बोइंग टेक कैंपस के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'बेंगलूरू उम्मीदों को अविष्कार और उपलब्धियों से जोड़ने वाला शहर है। बेंगलूरू भारत की तकनीकी क्षमताओं को वैश्विक आपूर्ति से जोड़ता है। यह बोइंग का नया कैंपस बेंगलूरू की पहचान को और मजबूत करेगा। यह अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा सेंटर होगा।' इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेंगलूरू में अमेरिकी विमान निर्माण कंपनी 'बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया। इस दौरान कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, राज्यपाल थावरचंद गहलोत और बोइंग के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। बोइंग का यह कैंपस 43 एकड़ में फैला है और इसे बनाने में 1600 करोड़ रुपये की लागत आई है। बोइंग का यह सेंटर अमेरिका के बाहर कंपनी का सबसे बड़ा निवेश है। बेंगलूरू के बाहरी इलाके देवनहल्ली में स्थित यह हाईटेक डिफेंस और एयरोस्पेस पार्क कैंपस है। इस सेंटर से वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग के लिए अगली पीढ़ी के आधुनिक उत्पाद और सेवाएं विकसित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने 'बोइंग सुकन्या कार्यक्रम' की भी शुरूआत की जिसका उद्देश्य देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र में पूरे भारत से ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को बढ़ावा देना है।

गुजरात की पहली महिला स्काइडाइवर ने 13,000 फीट की ऊंचाई से लगाई छलांग

थाईलैंड के आसमान में फहराया 'जय श्री राम' का झंडा

नई दिल्ली। भारत की प्रसिद्ध स्काइडाइवर श्वेता परमार ने थाईलैंड में 13,000 फीट की ऊंचाई से विमान से छलांग लगाकर गर्व के साथ 'जय श्री राम' का झंडा फहराया। श्वेता इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारी कर रही थीं। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसी को लेकर गुजरात की पहली महिला नागरिक लाइसेंस प्राप्त स्काइडाइवर श्वेता परमार ने थाईलैंड में 13,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर झंडा 'जय श्री राम' का झंडा फहराया। वडोदरा की श्वेता परमार 28 साल की उम्र में 2021 में गुजरात की पहली महिला नागरिक लाइसेंस प्राप्त स्काइडाइवर बनीं। पद्मश्री पुरस्कार विजेता राचेल थॉमस, शीतल महाजन और देश की पहली महिला बेस जम्पर अर्चना सरदाना की लीग में शामिल होकर श्वेता भारत की चौथी महिला स्काइडाइवर बनीं। श्वेता ने कहा, "9 जनवरी को एक एकल स्काइडाइविंग कार्यक्रम था जिसके लिए मैंने एक महीने पहले तैयारी शुरू कर दी थी। मैं आगे की ट्रेनिंग लेने के लिए थाईलैंड पहुंची थी।" श्वेता ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के आगामी अभिषेक समारोह का जश्न मनाने के लिए जिसने देश का ध्यान खींचा है, हर कोई अपने तरीके से योगदान दे रहा था। एक स्काइडाइवर के रूप में, मैंने हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में छलांग लगाने का फैसला किया। यूएसपीए-सी लाइसेंस रखने वाली श्वेता ने फिक्स्ड विंग्स (एएन 28, ट्विन ओटर, कोडिएक 100, सेसना, अन्य) और हॉट एयर बैलून सहित विभिन्न प्लेटफार्मों से 297 छलांग लगाई है। उन्हें भारतीय दुल्हन की पोशाक में कूदने वाली पहली महिला स्काइडाइवर होने का गौरव भी प्राप्त है। पिछले साल फरवरी से उन्होंने स्काईडाइव इंडिया अभियान (एसआईसी) के माध्यम से अन्य भारतीय स्काइडाइविंग उत्साही लोगों की मदद करना शुरू कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में दोषियों की सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज, 21 तक करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली। बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें दोषियों ने आत्मसमर्पण करने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की थी। दोषियों द्वारा आत्मसमर्पण करने का समय 21 जनवरी को समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि दोषियों ने जो कारण बताए हैं, उनमें कोई दम नहीं है। पीठ ने आगे कहा, 'हमने सभी के तर्कों को सुना। आवेदकों द्वारा आत्मसमर्पण को स्थगित करने और वापस जेल में रिपोर्ट करने के लिए दिए गए कारणों में कोई दम नहीं है। इसलिए अर्जियां खारिज की जाती हैं।' बिलकिस बानो मामले के पांच दोषियों ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से आत्मसमर्पण करने के लिए और समय मांगा था। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गुजरात सरकार द्वारा सजा में दी गई छूट को रद्द कर दिया था। गौरतलब है, साल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। गुजरात सरकार ने इस हाईप्रोफाइल मामले के ग्यारह दोषियों को सजा में छूट दी थी। लेकिन, शीर्ष अदालत ने आठ जनवरी को इसे रद्द कर दिया था। इसके अलावा, अदालत ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि उसकी एक आरोपी के साथ 'मिलिभगत' थी। दोषियों को 2022 के स्वतंत्रता दिवस पर समय से पहले रिहा किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने दो हफ्ते के भीतर दोषियों को फिर से जेल में डालने का आदेश दिया था। दोषियों ने खराब स्वास्थ्य, सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसलों की कटाई का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। आवेदन न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के सामने आए थे, जिसने अदालत के स्थायी सचिवालय (रजिस्ट्री) से कहा कि वह आवेदनों को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखे। पीठ ने कहा था, 'आत्मसमर्पण करने और जेल में भेजने के लिए समयसीमा बढ़ाने के आवेदन दायर किए गए हैं। पीठ का पुनर्गठन किया जाना है। रजिस्ट्री को पीठ के पुनर्गठन के लिए सीजेआई से अनुमति लेने की जरूरत है, क्योंकि (दोषियों का आत्मसमर्पण करने का) समय रविवार को खत्म हो रहा है।'

अयोध्या में सीएम योगी ने सोलर क्रूज का उद्घाटन कर किया जल विहार

अयोध्या। रामनगरी में पर्यटकों के लिए सरयू के जल विहार को सुगम बनाते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सोलर क्रूज मारुति का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानगढ़ी और श्री रामलला के पूजन-दर्शन किए। इस दौरान भारी सुरक्षा बल तैनात रहा। सुबह 11:00 बजे रामनगरी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में राम भक्त हनुमान और रामलला के दर्शन किए। इसके बाद दोपहर दो बजे सरयू किनारे कच्चा घाट पहुंचकर सोलर क्रूज मारुति का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने क्रूज की सवारी भी की। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी उनके साथ क्रूज में बैठे। मुख्यमंत्री को बिठाकर क्रूज कच्चा घाट से नया घाट तक गई। सरयू में जल विहार करने के बाद सीएम ने नाविकों को लाइफ जैकेट वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने राम मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया और मंदिर निर्माण को लेकर खुशी जाहिर की।

भाजपा सरकार आपको जंगलों तक सीमित रखना चाहती है : राहुल गांधी

गुवाहाटी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को जंगल तक सीमित रखना चाहती है और आदिवासियों को शिक्षा और अन्य सुविधाओं से दूर रखना चाहती है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में अपनी पहली जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिए और मूल निवासी होने के नाते संसाधनों पर उन्हें पहला अधिकार दिया।' राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम आपको आदिवासी कहते हैं, इसका मतलब है कि मूल निवासी। भाजपा आपको वनवासी कहती है, मतलब जो लोग जंगलों में रहते हैं।' कांग्रेस नेता ने राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'भाजपा, आदिवासियों को वनों तक ही सीमित करना चाहती है और उनके बच्चों को स्कूल तथा विश्वविद्यालय जा कर शिक्षा ग्रहण करने, अंग्रेजी सीखने एवं कारोबार करने के अवसरों से वंचित करना चाहती है।' राहुल गांधी ने असम के द्वीपीय जिले माजुली में आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा 'हम चाहते हैं कि जो आपका है, वो आपको लौटाया जाए। आपका जल, भूमि, वन आपका ही रहना चाहिए।' राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा 6713 किलोमीटर की है, जो 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू हुई थी। यह 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता शुक्रवार सुबह नौका से जोरहाट से माजुली पहुंचे। राहुल गांधी के साथ महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रतत सैकिया सहित कई शीर्ष मौजूद रहे। माजुली में राहुल गांधी प्रमुख वैष्णव स्थल औनियाती सत्र भी जाएंगे।

'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी', सीमा हैदर ने भजन गाकर बांधा समां, घर-घर घूम कर रहीं राम काज

नोएडा। पाकिस्तान से अपने बच्चों संग नोएडा आई महिला सीमा हैदर इन दिनों राम मंदिर के माहौल में पूरी तरह डूब गई हैं। उनका कोई भी वीडियो जल्दी ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है। इन दिनों एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह राम भक्ति में पूरी तरह डूबी दिख रही हैं। वह इस वीडियो में स्वाति मिश्रा का भजन 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' गा रही हैं। हाल ही में एक और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सीमा का एक बेटा हनुमान चालीसा का पाठ कर रहा था। इसमें सचिन और सीमा भी भक्ति में डूबे दिख रहे थे। वीडियो में उनके वकील एपी सिंह भी नजर आ रहे हैं। अब जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें सीमा हाथ जोड़कर भजन गाने में डूबी हुई हैं। माथे में सिंदूर, बिंदी और गले में मंगलसूत्र पहनी सीमा भक्ति-भाव से राम भजन कर रही हैं। बता दें, हाल ही में सीमा हैदर ने भी अयोध्या जाने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद वह जरूर भगवान राम के दर्शन करने पहुंचेगी। उन्होंने कहा था कि वह प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे परिवार के साथ पैदल ही अयोध्या धाम पहुंचेगी। वहीं सीमा हैदर पूरे परिवार के साथ राम काज में जटी हुई है।

मालदीव से विवाद के बीच विदेश मंत्री मूसा जमीर से मिले जयशंकर, पोस्ट में लिखा- खुलकर बातचीत हुई

नई दिल्ली। भारत और मालदीव के रिश्तों में बीते दिनों काफी तनाव देखने को मिला था। अब इस विवाद के बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात की। यह मुलाकात गुरुवार को यूगांडा के कंपाला में हुई। दोनों नेता कंपाला में गुट निरपेक्ष सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हुए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा कि दोनों के बीच 'खुलकर बातचीत' हुई। भारतीय विदेश मंत्री ने पोस्ट में लिखा कि 'कंपाला में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मिला। दोनों देशों के रिश्तों पर खुलकर बातचीत हुई। साथ ही गुट निरपेक्ष सम्मेलन से संबंधित मुद्दों पर भी बात हुई।' मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भी इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'गुट निरपेक्ष सम्मेलन से इतर यूगांडा में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने मालदीव से भारतीय सेना की वापसी के मुद्दे पर चल रही उच्च स्तरीय चर्चा पर अपने विचार रखे। साथ ही मालदीव में चल रहीं विकास परियोजनाओं को जल्द पूरा करने और सार्क और गुट निरपेक्ष सदस्य के तौर पर सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई।' मालदीव की सरकार ने हाल ही में भारत को उनके देश से अपने सैनिकों को निकालने को कहा था। मालदीव के राष्ट्रपति ने 15 मार्च तक सभी भारतीय सैनिकों की वापसी की डेडलाइन तय की थी। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के प्रमुख सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने कहा था कि भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रुक सकते। यह मोहम्मद मोइज्जू सरकार की नीति नहीं है। भारत की तरफ से अभी तक मालदीव की सरकार द्वारा सैनिकों को निकालने की डेडलाइन पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि इस पर चर्चा चल रही है। मालदीव में अभी भारतीय सेना के करीब 70 सैनिक, डॉर्नियर 228 मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट और दो ध्रुव हेलीकॉप्टर के साथ तैनात हैं।

बीते दिनों पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता की तारीफ करते हुए भारतीयों को लक्षद्वीप घूमने की अपील की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर मालदीव और लक्षद्वीप की तुलना शुरू हो गई। इस बीच मालदीव सरकार के तीन नेताओं ने पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। इस पर मालदीव ने अपने उन तीनों मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया था। इस बीच मालदीव के राष्ट्रपति ने चीन का दौरा किया और चीन ने मालदीव का समर्थन किया। इसके बाद ही मालदीव के राष्ट्रपति ने भारतीय सैनिकों को मालदीव छोड़ने की डेडलाइन तय कर दी थी।

कांग्रेस प्रमुख ने उच्च-स्तरीय समिति को लिखा पत्र, एक साथ चुनाव कराने का किया विरोध

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर बनी उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव कराने के विचार के लिए कोई जगह नहीं है और उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। यह पत्र उन्होंने उच्च स्तरीय समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजा है। इसमें राय देते हुए हुए खरगे ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है। अगर एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की जरूरत होगी। उन्होंने आगे कहा, जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुनाव के विचार के लिए कोई जगह नहीं है। एक साथ चुनाव कराने के सरकार के ऐसे प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के खिलाफ हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले साल 18 अक्तूबर को कांग्रेस प्रमुख को पत्र लिखा था और उनसे सुझाव मांगा था। कांग्रेस अध्यक्ष ने 17 बिंदुओं में अपने सुझाव दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, सरकार और इस समिति को शुरू में ही इसको लेकर ईमानदार होना चाहिए था कि वे जो प्रयास कर रहे हैं, वह संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है। यदि एक साथ चुनाव कराने हैं तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और देश के लोगों की ओर से मैं उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष (रामनाथ कोविंद) से विनम्रता से अनुरोध करता हूं कि वे संविधान और संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र द्वारा उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग न करने दें।

संपादकीय

खटाई में पढ़ाई

बीते वर्ष की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष विचलित करने वाले हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 फीसदी किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। करीब आधे छात्र यदि भाग व गुणा जैसी सामान्य गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते तो यह हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। आखिर क्या वजह कि करीब 43 फीसदी छात्र अंग्रेजी के सामान्य वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं? बुधवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष निस्संदेह परेशान करने वाले हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? कालांतर जैसे-तैसे पढ़-लिखकर ये छात्र बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने के अलावा और क्या कर सकते हैं? पहली बार देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में किशोरों का सर्वेक्षण किया गया। बच्चों की गणित व अंग्रेजी की स्थिति देखकर साफ है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। दरअसल, एएसईआर के इस सर्वेक्षण में 14 से 18 वर्ष के 34,745 छात्रों को शामिल किया गया था। बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों तथा शेष राज्यों के एक-एक ग्रामीण जिले को सर्वेक्षण में शामिल किया गया । हालांकि, अच्छी बात यह है कि 14 से 18 वर्ष के करीब 87 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। लेकिन उनमें से अधिकांश बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेजी ज्ञान में बुनियादी कौशल का प्रदर्शन नहीं करते हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल नब्बे फीसदी बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उन्हें यह चलाना बखूबी आता है। सबसे परेशान करने वाला सवाल यह है कि क्यों 25 फीसदी छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दो का पाठ भी धाराप्रवाह रूप से नहीं पढ़ सके। वैसे गणित व अंग्रेजी में परिस्थितिजन्य व पारिवारिक माहौल के चलते कमजोरी की बात तो समझ में आती है। दरअसल, अकसर बच्चे गणित को एक नीरस विषय के रूप में लेते हैं, जबकि आजकल बिना गणित के जीवन का अर्थशास्त्र चलाना बेहद मुश्किल है। सर्वे का एक पक्ष यह भी कि लड़कियों का क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह पाठ पढ़ने का प्रतिशत 76 रहा, जबकि किशोरों में यह प्रतिशत 71 था। जबकि गणित व अंग्रेजी में किशोरों का प्रदर्शन किशोरियों से बेहतर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इनकी भागेदारी महज 5.6 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में हरियाणा के सिरसा, पंजाब के एसएएस नगर, जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा, राजस्थान में भीलवाड़ा और उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल शामिल थे। दरअसल, इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। सामान्यतः ग्रामीण इलाकों में अधिकांश बच्चे कमजोर वर्ग या खेती-किसानी से जुड़े परिवारों से आते हैं। अंग्रेजी का कमजोर होना तो समझ में आता है, लेकिन क्षेत्रीय भाषा पठन में फिसड्डी होना चौंकाता है। यह निष्कर्ष सरकारी शिक्षकों की शिक्षण शैली और सीखने की प्रक्रिया में रुचि बढ़ाने की कोशिशों पर भी सवाल उठाता है। समय के साथ-साथ कहीं न कहीं शिक्षकों का वह रुतबा भी कम हुआ है जो छात्रों को सख्त अनुशासन के दायरे में लाता था। शिक्षकों की नियुक्ति के तौर-तरीके, राजनीतिक हस्तक्षेप से होने वाली नियुक्तियां तथा जवाबदेही जैसे सवाल भी सामयिक हैं। एक बड़ा संकट किशोरों के पास स्मार्टफोन का होना और बच्चों को उसकी लत का होना भी है। विडंबना देखिये कि पचास फीसदी से अधिक किशोर-किशोरी गणित की सामान्य जोड़-घटाव की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते हैं, लेकिन स्मार्टफोन की जटिल प्रक्रिया के संचालन में पारंगत हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जाएगी कि मोबाइल की लत नई पीढ़ी के बच्चों की वह एकाग्रता भंग कर रही है जो उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिये चाहिए। आने वाले समय में मोबाइल के अधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव भी नजर आएंगे। खासकर आंखों व गर्दन से जुड़े शारीरिक विकार सामने आएंगे। यही वजह है कि जागरूक अभिभावक बच्चों को स्कूल व एक उम्र तक घर में स्मार्टफोन देने को घातक मानते रहे हैं।

आतंकवाद के सफाए के नाम पर पाकिस्तान और ईरान आमने- सामने

पाकिस्तान और ईरान ने एक-दूसरे की जमीन पर हमले कर एक नए संघर्ष को जन्म दे दिया है। हालांकि अब दोनों देश संतुलित प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनका दावा है कि वे इस संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। मगर इससे विश्व राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। ये हमले ऐसे वक्त में हुए हैं, जब दोनों देश अपनी सीमा में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के लिए साझा रणनीति पर काम करने के लिए सहमति बना रहे थे। दावोस में ईरान के विदेश मंत्री जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से मिले तो दोनों ने इसी मसले पर बातचीत की। मगर उसके एक दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में हमला कर दिया। उसके जवाब में दो दिन बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान वाले इलाके में गोले दाग दिए। दोनों का दावा है कि उन्होंने उन इलाकों में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के मकसद से हमला किया, उनका लक्ष्य नागरिक ठिकाने कतई नहीं थे। हालांकि मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन हमलों में दोनों तरफ के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए हैं। हालांकि पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं। वे अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। उन इलाकों में सक्रिय आतंकवादी संगठन दोनों देशों पर हमले करते रहे हैं। पिछले महीने ही जैश अल-अदल आतंकी संगठन ने ईरान के सुरक्षा बलों पर हमला किया था, जिसमें ग्यारह ईरानी पुलिस मारे गए थे। हालांकि अगर दोनों का मकसद आतंकवादी समूहों पर काबू पाना होता, तो साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ते। मगर ईरान की मंशा इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान पर हमले से पहले उसने इराक और सीरिया की जमीन पर भी गोले दागे थे। इससे साफ है कि वह उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करना चाहता है। विचित्र है कि दोनों देश आतंकवाद के सफाए के नाम पर एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हो गए हैं, जबकि ये खुद दूसरे देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं। पाकिस्तान की भारत को अस्थिर करने की कोशिशें छिपी नहीं हैं। ईरान को अपने खिलाफ सिर उठाने वाले बलूच विद्रोही तो पसंद नहीं, पर वह खुद इजराइल के खिलाफ लड़ रहे हिजबुल्ला और यमन में होथी विद्रोहियों का खुला समर्थन करता है। ईरान और पाकिस्तान के बीच ताजा हमलों से पैदा तनाव बेशक कुछ समय में सामान्य हो जाए, पर अमेरिका और इजराइल की नाराजगी उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आतंकवाद को लेकर दो तरह का नजरिया नहीं हो सकता। जब तक ये दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ साफ मन से मैदान में नहीं उतरते, तब तक बलूचिस्तान में धधक रही आतंकवाद की आग पर काबू पाना उनके लिए कठिन बना रहेगा।

गठबंधनों की माया से मुक्त रहने का फैसला मायावती ने सोच समझ कर लिया है

ललित गर्ग

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है कि तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेंगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है। आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है।

लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं।

मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थीं, यही कारण है कि मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला

चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है। मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है।

इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है। यह बात बिल्कुल सच है कि गठबंधन में रहकर आकाश आनंद के लिए अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ाने की उतनी खुली आजादी नहीं मिल पाती।

मायावती की ताजा घोषणाएं राजनीतिक क्षेत्र में जहां हलचल पैदा करने का बड़ा कारण बनी है, तो वहीं विपक्षी दल इन घोषणाओं से बौखलाये भी हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि मायावती भाजपा सरकार की केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से घबरायी हुई है। वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका के दबाव में आकर ही यह फैसला किया हैं। इन आरोपों में सच्चाई हो सकती है, लेकिन राजनीति से जुड़े तमाम नेता एवं दल दूध के धूले नहीं है, उन पर ऐसी ईडी का साया मंडरा सकता है, फिर वे भी ऐसे ही राजग को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय क्यों नहीं लेते? भले ही विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हो, या इसी वजह है कि बसपा सुप्रीमो ने उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। विपक्षी भले कितने ही आरोप लगाती रहे, लेकिन मायावती को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाये रखने में वह पूरी तरह नाकाम रहा है।

चीन को दरकिनार कर भिड़े ईरान-पाक

पुष्परंजन

सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के जिस गांव में 18 जनवरी, 2024 को पाक मिसाइलों के हमले से तीन महिलाएं और चार बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हुई है, उसमें यह दावा किया गया कि इनमें से कोई भी ईरानी मूल का नहीं है। यानी, ईरान इस दोस्ताना हमले का बुरा नहीं माने। इससे दो दिन पहले 16 जनवरी, 2024 ईरान ने पाकिस्तानी बलूच इलाके में अतिवादी समूह जैश उल अदल को निशाने पर लेकर दोस्ताना सर्जिकल स्ट्राइक किया था, जिसमें दो बच्चे मारे गये थे। ईरान ने भी कहा था, पाकिस्तान इसका बुरा न माने। इस हमले से सबसे अधिक कोई डिस्टर्ब हो रहा है, तो वह है चीन।

ईरान और पाकिस्तान दोनों चीन के हम प्याला-हम निवाला हैं। दोनों के भिड़ जाने का मतलब है, ग्वादर में चीनी परियोजना का सत्यानाश। 7 जून, 2023 को चीन ने पहली बार पाकिस्तान-ईरान के साथ पेइचिंग में त्रिपक्षीय बैठक की थी। विषय दो मित्रों के बीच तनाव कम करना और आतंक विरोधी रणनीति पर अमल करना था। 16 मई, 2013 को चीन ने ग्वादर पोर्ट का नियंत्रण पाकिस्तान से अपने हाथों ले लिया था। यह चीन की महत्वाकांक्षी योजना रही है, लेकिन लोकल बलूच उसे नापसंद करते रहे। वर्ष 2022-23 तक चीन ने सीपीईसी प्रोजेक्ट पर जो 65 अरब डॉलर खर्च किये, उसका बड़ा हिस्सा ग्वादर पोर्ट पर लगा है। सिस्तान-बलूचिस्तान के जिस इलाके में पाकिस्तान ने हमला किया है, वह ग्वादर से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पर है। गुरुवार को पाक विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि आज तड़के ही पाकिस्तानी फोर्स ने ईरान के सिस्तान ओ बलूचिस्तान प्रांत में कोह ए सब्ज स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। हमने ऑपरेशन मार्ग बर समार्चार के तहत कई आतंकवादियों को मार गिराया है। ईरानी हदों में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के आतंकवादी, स्वयं को समार्चार कहते हैं। समार्चार का मतलब होता है, नेतृत्व देने वाला कमांडर। मार्ग का अर्थ है, मौत। और बर का अर्थ है खिलाफ। पाकिस्तान ने उसी के हवाले से ऑपरेशन मार्ग बर समार्चार रखा था, जिसका आशय था, ईरान में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के आतंकवादियों के नेता के खात्मे का अभियान।

पाकिस्तान ने कहा, हमने तथाकथित समार्चारों को लेकर ईरान को कई सबूत सौंपे थे, और सबूतों के आधार पर कार्रवाई की है। ईरानी गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कुबूल किया है कि मारे गये सभी नौ लोग विदेशी हैं। पाकिस्तान इस हमले की संजीदगी को समझता है, और शायद यही वजह रही है कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक को बीच में छोड़कर उसके कार्यकारी प्रधानमंत्री अनवारूल हक ककर और विदेश मंत्री इस्लामाबाद लौट आये हैं।

ईरान ने पाकिस्तान में हमला 16 जनवरी को किया था। उससे एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ईरान पहुंचे थे। उनकी मुलाकात ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और अपने समकक्ष आमिर-अब्दोल्लाहिआन से हुई थी। मालूम नहीं एस. जयशंकर इस कार्रवाई से कितना वाकिफ थे, मगर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, हम आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति रखते हैं। हमारा मानना है कि कोई देश आत्मरक्षार्थ ऐसे कदम उठा सकता है। ठीक से देखा जाए तो भारत ने अपने बयान के जरिये अतीत में पाकिस्तान पर किये सर्जिकल स्ट्राइक को न्यायोचित ठहराया है। लेकिन उसकी कूटनीतिक व्याख्या की जाए तो ईरान और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की सीमाओं का उल्लंघन कर जो हमले किये, उसे सही ठहराना भी मुश्किलों को दावत देता है। अब पाक भी कह सकता है, कि हमने आत्मरक्षार्थ ऐसा किया।

पाकिस्तान का ऑल वेदर फ्रेंड चीन ने कहा है कि दोनों देशों को संयम बरतना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बयान दिया, हम इन हमलों की निंदा करते हैं। हमने देखा है कि ईरान ने पिछले कुछ दिनों में अपने तीन पड़ोसियों की संप्रभु सीमाओं का उल्लंघन कर रहा है। एक तरफ, ईरान इस इलाके में आतंकवाद का पनाह देने वाला देश है और दूसरी ओर वह दावा करता है कि उसने इन देशों पर कार्रवाई आतंकवाद से लड़ने के लिए की है। अमेरिका ऐसे बयान से पाकिस्तान को अपने पाले में लेना चाहता है। पाक राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अलवी ने भी कहा कि हम कोई समझौता नहीं करेंगे। उधर ईरान जिस तरह से बयान देने में लगा है, उससे इस इलाके में लड़ाई बढ़ने की संभावना है।

टाइम लाइन को ठीक से देखा जाए, तो 900 किलोमीटर की ईरान-पाक सीमा पर आये दिन खुफियागिरी और आतंकी घटनाएं होती रही हैं। 2013 में जैश अल-अदल ने एक हमले में 14 ईरानी सैनिक मारे थे। 2014 में ईरानी सुरक्षा बलों के पांच सदस्यों का अपहरण कर लिया गया था। दिसंबर, 2010 में चाबहार में एक मस्जिद के पास आत्मघाती हमले में 41 लोग मारे गए और 90 अन्य घायल हो गए। 26 अप्रैल, 2017 को जैश अल-अदल ने मिजार्वेह में हुए हमले की जिम्मेदारी ली, जिसमें 10 ईरानी सीमा रक्षक मारे गए थे। 22 जून, 2017 को पहली बार ईरान के किसी ड्रोन को पाकिस्तान ने मार गिराया था। 17 अप्रैल, 2018 को सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के मिजार्वेह शहर में तीन ईरानी सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी। 16 अक्तूबर, 2018 जैश अल-अदल ने 12 ईरानी सुरक्षा कर्मियों को अगवा कर लिया था। उसी साल 6 दिसंबर को ईरान के चाबहार में पुलिस मुख्यालय पर आत्मघाती कार बम हमले में चार पुलिसकर्मी मारे गए और 42 अन्य लोग घायल हो गए। फरवरी, 2021 में ईरानी सैनिक दो खुफिया एजेंटों को बचाने के लिए पाकिस्तानी क्षेत्र में घुस गए।

8 फरवरी, 2024 पाकिस्तान में चुनाव है। सवाल चुनाव के हवाले से भी उठ रहा है कि दोनों तरफ से हमलों का मतलब क्या हो सकता है। ईरान और पाकिस्तान नौ सदस्यीय शंघाई कॉर्पोरेशन आर्गेनाइजेशन के मेंबर भी हैं। तो क्या ये एससीओ के बाकी सदस्य देशों की बात सुनेंगे? पाक विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया, और ईरान में आतंकवादियों की मौजूदगी के उपलब्ध सबूतों के आधार पर आतंकवादियों को मार गिराया। वैसे, पाकिस्तान को यह साबित करना चाहिए कि जो महिला और बच्चे मारे गये हैं, वो क्या सचमुच आतंकवादी थे? यों, दोनों तरफ के सर्जिकल स्ट्राइक से ये न समझा जाए कि हिसाब बराबर हो गया। ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा अष्टियानी ने बुधवार को कहा कि ईरान के पास 2000 किलोमीटर रेंज तक मार करने वाली खैबर श्रेणी की सबसे उन्नत मिसाइलें हैं। इस्लामाबाद को समझना चाहिए कि इसका क्या मतलब होता है।

राहुल गांधी की पिछली यात्रा से भी कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ था

ललित गर्ग

कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आम चुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों-मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान्‌ महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्वस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्कत यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है।

नरेंद्र मोदी ने देश मे नया संसद भवन बनाया तो हर गांवों में ग्राम सचिवालय - प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो जखनिया/गाजीपुर। विकासखंड जखनियां के ग्राम सभा बुढ़ानपुर और हुसनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया और जो छूट गए है उनका वहा उपस्थित सरकारी कर्मचारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा देश व प्रदेश के बेसहारा वह गरीब लोगों के जीवन के उत्थान के लिए मोदी योगी के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाओं का आरंभ किया गया जिससे उनके जीवन शैली में और रहन-सहन में बहुत परिवर्तन आया और उनका कल्याण हुआ। मोदी सरकार ने जो भी अपने देशवासियों से वादा किया वह पूरा किया, वह जो कहते हैं करते हैं। उन्होंने देश से आतंकवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त किया एवं स्वच्छता शुचिता पारदर्शिता के साथ सरकार की सभी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया। सरकार की विभिन्न योजनाएं जनधन से लेकर प्रधानमंत्री आवास, सौभाग्यवती योजना, बीपीएल महिलाओं को फ्री रसोई गैस, वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन, कोरोना कल से ही फ्री अनाज गरीबों को समर्पित रही। प्रमोद वर्मा ने कहा घर-घर खुशहाली, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से भारत के कोने-कोने में गांवों-कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प कराएगी कि 2047 में विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। वर्मा ने कहा संसद भवन से लेकर ग्राम पंचायत भवन तक मोदी की निष्ठा एक है उनकी प्रेरणा एक है देश का विकास तभी होगा जब देश के लोगों का विकास होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश यति ने कहां देश में अगर मोदी जैसा नेतृत्व रहा तो अपना भारत सबसे सुंदर और मजबूत भारत होगा। हर गांव शहर का तेजी से विकास होगा और लोगों के जीवन में सरकार की योजनाओं से खुशहाली आएगी यह मोदी की गारंटी है। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा 135 से ज्यादा जनकल्याणी योजनाए सबके उत्थान के लिये भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जिससे लोगो के जीवन मे खुशहाली आये। मोदी का सपना है जब गांव के नौजवान महिला शक्ति गरीब किसान खुशहाल होंगे तभी यह देश विकसित भारत बनेगा।

सपा जिलाध्यक्ष ने किया हाई कमान के निर्देश पर जिला कार्यसमिति का विस्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष माननीय नरेश उत्तम पटेल जी की अनुमति और निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने आज अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया और कुछ पदाधिकारियों को प्रोन्नत करते हुए आज उन्होंने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की संशोधित सूची जारी किया। इस क्रम में उन्होंने कार्यकारिणी में जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी तथा प्रवक्ता रहे अरुण कुमार श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष ,मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी हैं । इसी क्रम में उन्होंने सदस्य रहे उपेन्द्र यादव और सुभाष यादव उर्फ गुड्डू को भी जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। इसके साथ-साथ उन्होंने जयराम यादव ,शेर अली राईनी और कमलेश सोनकर को जिला सचिव तथा विजय शंकर यादव, अवधेश यादव और अखिलेश राम को सदस्य पद पर नामित किया है। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने प्रोन्नत हुए और नये पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भरोसा जताया है कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए पार्टी के भरोसे पर शत प्रतिशत खरा उतरने का काम करेंगे।

न्यायालय के आदेश पर चला बुलडोजर हटा पोखरे व रास्ते से अवैध कब्जा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। रिपोर्ट की माने तो सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से किए गए कब्जे और अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया जाएगा।खास तौर पर तालाब, भीटा, पोखरा और पार्क आदि की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने और निर्माण करने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जाएगी। निर्माण को ध्वस्त करते हुए सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त करवाया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक एवं अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही हेतु राजस्व विभाग द्वारा एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया गया है। इसके अलावा समय-समय पर अभियान भी चलाए जाते हैं। इसी क्रम में आज बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन गांव में उच्च न्यायालय के आदेश पर सरकारी पोखरी व अवैध रूप से कब्जा किए गए रास्ते को जखनिया तहसीलदार के नेतृत्व में बुलडोजर चला कर हटाया गया।मिली जानकारी के अनुसार मधुबन गांव निवासी बाची देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र यादव के द्वारा 2019 से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में एक सरकारी पोखरी व रास्ते को लेकर याचिका दायर की गई थी। उच्च न्यायालय के आदेश पर आज तहसीलदार जखनिया ध्रुवेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने अवैध रूप से सरकारी पोखर व रास्ते को कब्जे किए गए को आज राजस्व विभाग की टीम ने मुक्त कराया इस मौके पर जखनिया तहसीलदार ध्रुवेश नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य कुमार राजस्व निरीक्षक शाह आलम सुधाकर पांडेय प्रमोद सिंह वह क्षेत्रीय लेखपाल अतुल सिंह अभिषेक सिंह सुरेंद्र यादव अजय सिंह अखिलेश राम धर्मेंद्र वह बिरनो थानाध्यक्ष देवेंद्र यादव मय फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

पीजी कालेज की एथलेटिक्स विजेता टीम ने महाविद्यालय परिसर की किया साफ-सफाई

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज, गाजीपुर की एथलेटिक्स की टीम ने विगत दिनों वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय अंतर जनपदीय स्पोर्ट्स मीट में क्रॉस कंट्री रेस में विजेता टीम शामिल छात्रों ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर वृहद सफाई अभियान के तहत परिसर को साफ किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित हुआ। स्वयं प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय, प्राध्यापक एवं कर्मचारी और छात्रों के साथ परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि कोई भी कार्य सफलता तक तभी पहुंचता है, जब वह घर से शुरू होता है।महाविद्यालय परिसर सभी छात्रों के लिए घर जैसा ही है। सभी छात्रों को महाविद्यालय परिसर के साथ-साथ अपने निवास स्थान को साफ-सुथरा रखना चाहिए। ऐसा करने से वह अनुशासित होंगे। साफ-सफाई भी एक अनुशासित व्यक्तित्व का गुण है।साफ-सफाई वाले माहौल में रहने से मनुष्य स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इस मौके पर खेलकूद विभाग के प्रशिक्षक अशोक सिंह, बीपीईएस के विभागाध्यक्ष लवजी सिंह प्रैक्टोरियल बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर एस०एन० सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार यादव, डॉक्टर धर्मेंद्र मौजूद आदि शामिल रहे।

डीआईओएस से प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शिक्षक हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जैसे भी संघर्ष करना होगा किया जाएगा। यह कहना है प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय का। वह शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह और अन्य शिक्षक साथियों संग जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग किया। कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय, निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था, तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण आदि के लिए उच्चाधिकारियों के उदासीनता बरतने पर नाराजगी जताई। मालूम हो कि बीते दो नवंबर और 23 नवंबर को शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण पत्र दिया गया था। जिसमें कतिपय शिक्षकों के समस्याओं का निस्तारण कर दिया गया, परन्तु कुछ शिक्षकों की समस्याएं कार्यालय में लम्बित है, जिनका निस्तारण शीघ्राति शीघ्र कराने की मांग की गई। मुख्य मांगों में तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान, एनपीएस अध्यापकों के खातें में उनकी धनराशि प्रदर्शित नहीं, प्रेमलता राय का वेतन निर्धारण, मोहन सिंह यादव पदोन्नति की पत्रावली, लक्ष्मण जायसवाल एकल स्थानान्तरण पत्रावली, पुष्कल तिवारी के चयन वेतनमान की पत्रावली कार्यालय में लंबित है। शिक्षक/शिक्षणेतर कर्मचारियों के प्रकरण को यथाशीघ्र निस्तारित करने की मांग की। राणाप्रताप सिंह, कुँवर अविनाश गौतम, ओमनारायण राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, घनश्याम राय, राजेश पाण्डेय, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

चिराग तले अन्धेरा, कार्यालय के पास भी नहीं जलते अलाव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। चिराग तले अन्धेरा वाली कहावत नगर पालिका के लिए सटीक बैठती है। ये बता दें कि नगर पालिका द्वारा पुरे नगर क्षेत्र में अलाव जलवाने का दावा शायद कागजों में सही हो पर जमीनी हकीकत कुछ और ही ब्यान कर रहीं हैं। पालिका द्वारा जहाँ कुछ चौराहों पर गीली सुखी लकड़ियों को जला रहीं हैं वहीं कई ऐसे भीड़भाड़ वाली जगह है जहाँ नगर पालिका कर्मचारियों की नजर नहीं पड़ती है। टैक्सी स्टैंड स्थित पुराने भाजपा कार्यालय से लेकर रोडवेज मार्ग पर अलाव की उचित व्यवस्था न होने के कारण वहाँ के आम नागरिकों के साथ ही मुसाफिरों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहाँ भाजपा का पुराना कार्यालय होने के साथ ही नपा अध्यक्ष के प्रतिनिधि बिनोद अग्रवाल की दुकान होने के कारण उन का अक्सर यहाँ आना जाना होता है।

11 एनडीआरएफ वाराणसी ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) आज राष्ट्र की सेवा में अपने समर्पित और गौरवशाली 19वें स्थापना दिवस को मना रहा है अपने आदर्श वाक्य ह्लआपदा सेवा सदैव सर्वत्रह्व के तहत न केवल वृहद पैमाने में बहुमूल्य मानव जीवन को ही बचाया अपितु भारत में आपदा प्रबंधन क्षमता निर्माण और सार्वजनिक जागरूकता से संबंधित योजनाओं में भी अपना योगदान दिया है` एनडीआरएफ ने भारत में ही नहीं अपितु विश्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी वैश्विक छाप छोड़ी है और उत्कृष्ट आपदा मोचन बल बनकर उभरा है`

एनडीआरएफ ने प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं के दौरान अपने कौशल और पेशेवर आचरण,मानवीय दृष्टिकोण और त्वरित राहत खोज और बचाव अभियानों से देशवासियों के बीच उल्लेखनीय विश्वसनीयता पैदा कर दी है` एनडीआरएफ आपदाओं में राहत बचाव का कार्य तो करती ही है इसके अतिरिक्त सामान्य परिस्थितियों मे जन जागरुकता कार्यक्रम,क्षमता निर्माण कार्यक्रम, स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम व विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर मॉक अभ्यास भी करती है जिससे सभी एजेंसियों मे आपसी तालमेल स्थापित हो एवं आपदा के समय त्वरित कार्यवाही कर बचाव कार्य किया जा सके`

आज स्थापना दिवस के अवसर पर मनोज कुमार शर्मा,उप महानिरीक्षक,11 एनडीआरएफ वाराणसी के द्वारा सभी रेसक्यूअर को उनके कर्तव्य और समर्पण की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई उन्होने कहा कि एनडीआरएफ एक आधुनिक और कुशल आपदा मोचन बल है जो देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है`

एनडीआरएफ के जवान अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित और साहसी हैं उन्होने सभी रेसक्यूअर को भविष्य में भी इसी तरह समर्पित और साहसी बने रहने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ देश की सेवा में तथा देशवासियों को आपदाओं से बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा`

नहीं चाहिए अक्षत, भभूत बल्कि जनता को चाहिए जमीन, आवास, रोजगार, सस्ती शिक्षा सस्ता इलाज : भाकपा माले

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को सदर ब्लाक, गाजीपुर भाकपा माले अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के राज्यब्यापी आह्वान पर,जो गरीब जहां बसा है वही पट्टा दिए जाने,प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 5 डिसमिल जमीन दिए जाने, सभी ग्रामीण गरीबों को मनरेगा में 200 दिन काम?600 दैनिक मजदूरी दिए जाने,माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा ग्रामीण महिलाओं को दिया गया कर्ज माफ किए जाने, सभी ग्रामीण गरीबों को 200 यूनिट बिजली फ्री दिल्ली पंजाब कर्नाटक की भांति दिए जाने, गैस का दाम ?500 दिए जाने सहित तमाम सवालो पर सदर ब्लाक मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना व सभा के माध्यम से पांच सूत्री मांग पत्र महा महिम राष्ट्रपति महोदय भारत के नाम खण्ड विकास अधिकारी सदर को सौंपा गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव शशिकांत कुशवाहा ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कर रही है भारत धर्मनिरपेक्ष गणराज्य है किसी एक धर्म की उपासना कर सभी धर्म के मानने वाले भारतीय जनता का अपमान कर धार्मिक भेदभाव पैदा कर रही है आज पूरे देश के अधिकारियों को प्राण प्रतिष्ठा में लगाकर जनता के सवालों से कन्नी काट लेना चाहती है ।पूरे प्रदेश में योगी सरकार बुलडोजर राज कायम कर कई दशकों से आवाद चले आ रहे परिवारों को बुलडोज कर रही है सदर ब्लॉक के मनुवापुर, बिन्दवलिया, जैतपुरा, चौकियां, सहित कई गांव में व्याप्त सवालों नाली खरंजा, बकाया मनरेगा मजदूरी के सवालों को उठाया गया। भाकपा माले खेत मजदूर सभा सवालों को हल करने के लिए बड़े आंदोलन की तरह बढ़ेगी। सभा में प्रमुख रूप से खेग्रामस जिला सचिव राजेश बनवासी, खेग्रामस ब्लाक प्रभारी योगेन्द्र भारती, किसान नेता मोती प्रधान, रिंकू, नन्हकी देवी, संगीता, ललिता, रामदेव बिन्द, एकराम गोंड, रामबदन बिन्द, राधेश्याम बिन्द उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के चलते न्यायालय कार्य से विरत रहेंगे सिविल बार के अधिवक्ता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को सिविल बार संघ-गाजीपुर आवश्यक बैठक हुई जिसमें शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 20 जनवरी 2024 को पुर्ण दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेगें-कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 न्यायमूर्ति शिवशंकर प्रसाद प्रयागराज (उ0प्र0) होगें। जबकि विशिष्ठ अतिथि- आशुतोष सिन्हा सदस्य विधान परिषद, जैकिशुन साहु सदर विधायक गाजीपुर, जयनरायन पाण्डेय सदस्य बार काउसिल ऑफ उ0प्र0, प्रदीप कुमार सिंह सदस्य बार काउसिल ऑफ उ0प्र0 होगे । सभा में निर्वाचित अध्यक्ष गोपाल जी लाल श्रीवास्तव व निर्वाचित महासचिव राम कृष्ण पाण्डेय व निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव,शशि ज्योति पाण्डेय, चन्द्रबली राय, अशोक भारती, मुन्नु दुबे, दयानन्द यादव आदि भी उपस्थित थे। इस प्रकार दिनांक 20 जनवरी 2024 व 22 जनवरी 2024 को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहेगें-अध्यक्षता बार संघ के अध्यक्ष सुधाकर राय व संचालन महासचिव रतन जी श्रीवास्तव ने किया ।

गोराबाजार हनुमान मंदिर पर हुआ सुन्दर काण्ड का सस्वर आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को श्री अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रविंद्रपुरी गोराबाजार में स्थित कष्ट हरण हनुमान मंदिर एवं तहसील परिसर में स्थित भगवान शिव मंदिर में नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड पाठ का सस्वर आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं के साथ आरती की एवं प्रसाद वितरण कर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 का आने वाला दिन हम सब के जीवन का एक बहुत ही सौभाग्यशाली दिन है। हमारे इन नेत्रों को भगवान श्री राम जी के भव्य मंदिर का निर्माण और भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर को देखने का सौभाग्य प्राप्त होने जा रहा है। ये क्षण हम सब के लिए अलौकिक हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा, जेई विवेक बिंद, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अमरेश गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि अजय कुशवाहा, रणजीत यादव, मन्नू तिवारी, भानु केशरी, पुष्कर राय, संदीप गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव आदि श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

कौशल विकास मिशन के लाभार्थी को वितरित किया गया स्मार्टफोन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मेडिकल लैब टेक्नीशियन के कुल 212 प्रशिक्षणार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण हाईटेक कालेज आफ मैनेजमेंट एण्ड ई टेक्नोलॉजी हंसराजपुर में ससमारोह सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत, पूर्व सैन्य अधिकारी माधव प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार जखनियां ध्रुवेश कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी व यूट्यूबर ब्रजभूषण दूबे, उ. प्र. अपराध निरोधक समिति लखनऊ के जोन सचिव डा. ए.के. राय व चन्दन प्रजापति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रबन्ध निदेशक प्रकाश गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में डिजिटल तकनीकी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए स्मार्टफोन का उपयोग कर उनसे संस्कार वान बन कर राष्ट्र निर्माण में सहायक बनने का आह्वान किया। तहसीलदार ध्रुवेश सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता बताते हुए इंटरनेट व स्मार्टफोन की उपयोगिता पर व्यापक चर्चा की। ब्रजभूषण दूबे ने अपने सम्बोधन में स्मार्टफोन को आज के समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसके प्रयोग से शिक्षा, ज्ञान, प्रतियोगिता सहित अन्य आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने में समय व धन की बचत होती है। डा. ए.के. राय ने स्मार्टफोन के उपयोग में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए साइबर क्राइम से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा वितरित किए जा रहे उक्त फोन के जरिए ज्ञानार्जन करने का आह्वान किया। कहा गया कि प्रदेश सरकार ने छात्रों के अध्ययन को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह सराहनीय कदम उठाया है। छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। वक्ताओं ने लाभार्थियों का आह्वान किया कि वे स्मार्टफोन का सदुपयोग कर अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं। कार्यक्रम में प्रधान ज्ञानेंद्र गुप्ता, आदित्य कुमार, स्वागताध्यक्ष चन्द्र शेखर यादव, श्याम प्रकाश सिंह,संजय भारद्वाज, सिराजुद्दीन अंसारी, सुरेश यादव, अमित यादव, सुबोध यादव,रामरतन चौहान सहित समस्त प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन अध्यक्ष माधव प्रसाद गुप्ता तथा संचालन हरदेव भारद्वाज ने किया।

कुंवर वीरेंद्र सिंह ने अपने जन्मदिन पर किया लावारिश मुस्लिम लाश को सुपुर्दे खाक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर लावारिश मुस्लिम व्यक्ति के शव की "शिनाख्त" नहीं होने पर पोस्टमॉर्टम कराकर बड़े इमाम बाड़ा में सुपुर्दे खाक किया गया है। थाना जीआरपी चौकी दिलदारनगर के अन्तर्गत यह अज्ञात मुस्लिम व्यक्ति की ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिनकी शिनाख्त नहीं होने पर देर रात्रि साढ़े दस बजे त्नशवत्न को कुँवर वीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल श्री महेन्द्र यादव जी के सहयोग से मर्चरी रूम में रखवाकर शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही थी। जिनकी शिनाख्त नहीं होने पर एवं 72 घण्टे होने के उपरांत लाश को कुँवर वीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विवेक पाण्डेय एवं कांस्टेबल महेन्द्र यादव के सहयोग से मर्चरी रूम से पोस्टमॉर्टम हाऊस ले जाकर पोस्टमॉर्टम कराने के बाद मुस्लिम समुदाय के अतीक अहमद राईनी, गुड्डू खान, शेर अली राईनी, गोल्डेन राईनी , कुँवर वीरेन्द्र सिंह के सहयोग से मुस्लिम समुदाय के रीति रिवाज से विशेश्वरगंज बड़े इमाम बड़ा में जनाजे के नमाज के बाद सुपुर्दे खाक किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

22 तारीख को प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भिटहा गांव में आयोजित होगा सुंदरकांड, समाज सेवी उदय प्रताप चतुर्वेदी करेंगे प्रसाद वितरण

प्रखर संतकबीरनगर। आने वाले आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां अयोध्या पूरी तरीके से सज गया है वही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इसी दौरान जिले के चर्चित समाजसेवी सूर्या एकेडमी सहित दर्जनों शैक्षणिक संस्थाओं के मालिक डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी के गांव भिटहा में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा हजारों लोग पहुंचकर प्रभु श्री राम के आरती के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे । कार्यक्रम को लेकर चतुर्वेदी परिवार ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।आपको बता दे 22 जनवरी को श्री राम लला अपने घर में विराजमान होंगे इसी को लेकर देश ही नहीं पूरा विदेश राम मय गया है प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां शहर से लेकर देहात तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा वहीं चतुर्वेदी परिवार के पैतृक गांव भिटहा में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है भव्य आरती के बाद चतुर्वेदी परिवार के गांव में हजारों लोगों में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय परिसर में लगाया गया मेडिकल कैंप

प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। महात्मा गाँधी काशी विधापीठ वाराणसी के परिसर में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद विद्यापीठ इकाई के कार्यकर्ताओ एवं राजा बलदेव दास बिड़ला अस्पताल मच्छोदरी के चिकित्सको के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर मे मेडिकल कैंप लगाया गया` उक्त शिविर में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर,विद्यार्थी एवं कर्मचारियों सहित लगभग 100 लोगो का ब्लड प्रेशर,शूगर, हिमोग्लोबिन की जांचकर औषधि वितरण किया गया` बिड़ला अस्पताल की ओर से डॉ. सुरभि विजय,डॉ. पियूष राय,डॉ देवेंद्र यादव डॉ. अमित यादव ने लाभर्थियो का स्वास्थ परिक्षण किया` शिविर की व्यवस्था में अस्पताल के ऐडमिनिस्ट्रेटर अनूप पाण्डेय और अर्चना पटेल ने सहयोग प्रदान किया` अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष शिवम तिवारी, इकाई मंत्री महिमा अग्रहरि,राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद की सदस्य हर्षा सिंह एवं सेवार्थ विद्यार्थी के महानगर संयोजक प्रियांशु वर्मा जी उपस्थित रहे।

36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर, वाराणसी का 52वॉ संस्थापना दिवस काफी भव्य, हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। वाहिनी संस्थापना दिवस-2024 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर, वाराणसी का 52वॉ संस्थापना दिवस काफी भव्य,हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया।इस शुभ अवसर पर आज सुबह राजेश कुमार -सहायक सेनानायक के द्वारा वाहिनी शस्त्रागार पर पूरे विधि -विधान के साथ शस्त्र पूजा व हवन किया गया तथा पीएसी परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सहायक सेनानायक द्वारा बताया गया कि सेनानायक का अयोध्या राम जन्मभूमि में सुरक्षा ड्यूटी लग जाने के कारण इस बार वाहिनी संस्थापना दिवस पर लगने वाले मेले का कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है। वाहिनी आगमन पर मेले के कार्यक्रम को पूरे भव्यता के साथ संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर कैलाशनाथ यादव -शिविरपाल भगवान सिंह यादव- सूबेदार मेजर सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सूरज भईया हुये सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड भारत सरकार में सदस्य मनोनीत

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर अन्तर्गत आने वाले पाली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम तिलौरा के रहने वालें सूरज कुमार पुत्र शिवपूजन प्रसाद को सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड भारत सरकार में सदस्य होनें पर पर भारी संख्या में लोगो ने शुभकामनाएं दी। इसके बाद से ही क्षेत्रवासियो व परिजनों में खुशी का माहोल है।

डायट में टीचर लर्निंग वर्कशॉप सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। डायट सारनाथ पर डायट शुक्रवार को प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय टीचर लर्निंग वर्कशॉप कराया गया। जिसमें प्रशिक्षु शिक्षकों ने भाग लिया। टीचर लर्निंग वर्कशॉप में केमिकल रिएक्शन और भोजन एवं पोषक तत्व के बारे में प्रयोग विधि से समझाया गया और साथ में विज्ञान के कुछ मॉडल जैसे मानव शरीर के

आंतरिक अंग दिन और रात प्रकाश का अपवर्तन इत्यादि के बारे में प्रशिक्षु शिक्षकों को मॉडल के साथ बताया गया। इस वर्कशॉप को सौरभ कुमार सिंह, अमित कुमार चतुर्वेदी, अरविंद कुमार, राकेश यादव, रविंद्र सुरेश अभिषेक सादिक के द्वारा कराया गया। और इस पूरे सेशन में प्रधानाध्यापक अमित कुमार दुबे भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

इंडोनेशिया में भूकंप के झटके

जकार्ता। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत पापुआ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु और भूभौतिकीय एजेंसी ने कहा कि बुधवार को जकार्ता समयानुसार देर रात 01:29 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी है। प्रांतीय आपदा एजेंसी के अधिकारी विलियम मंडेरी ने बताया कि भूकंप का केंद्र कीरोम रीजेंसी से 46 किमी दक्षिण पश्चिम में 62 किमी की गहराई में स्थित था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। भूकंप से कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ।

सीरिया पर जॉर्डन के हवाई हमले में 11 की मौत

दमिश्क। सीरिया के अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय सूत्र ने बृहस्पतिवार को स्पूतनिक को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित 11 लोग मारे गये। सूत्र ने बताया कि गोलाबारी बुधवार से गुरुवार की दरमियानी रात को हुई।

आतंकी समूह से संबंध पर 21 गिरफ्तार

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया में एक आतंकवादी समूह से कथित संबंधों के आरोप में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ट्यूनीशियाई नेशनल गार्ड ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, देश भर के कई प्रांतों में ट्यूनीशियाई सुरक्षा इकाइयों ने दो महिलाओं सहित एक चरमपंथी धार्मिक सेल के 21 सदस्यों को गिरफ्तार किया। बयान में कहा गया, विभिन्न सुरक्षा इकाइयों को आतंकवादी संगठन से जुड़े होने के कारण इन व्यक्तियों की तलाश थी। इन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से 14 भर्ती

न्यू हेवन। येल विश्वविद्यालय की एक इमारत के नवीनीकरण कार्य में लगे नौ श्रमिकों सहित चौदह लोगों को बुधवार को कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यू हेवन के आपातकालीन अभियान निदेशक रिक फोंटाना ने बताया कि श्रमिकों में से एक को इमारत के बाहर बेहोश पड़ा पाया गया और उसे न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में एक अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई। उन्होंने बताया कि एक अन्य कर्मचारी भी बेहद गंभीर स्थिति में था लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उसे कहां लेकर जाया गया। मेयर जस्टिन एलिकर के प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल में भर्ती 14 लोगों में से नौ श्रमिक और पांच येल विश्वविद्यालय के कर्मचारी है।

चीन ने नया कार्गो यान किया प्रक्षेपित

वाशिंगटन। चीन ने अपने चक्कर लगा रहे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आपूर्ति पहुंचाने के लिए बुधवार रात कार्गो अंतरिक्ष यान तियानझोउ-7 प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने यह जानकारी दी है। सीएमएसए ने कहा कि लॉन्ग मार्च-7 वाई8 रॉकेट तियानझोउ-7 को लेकर रात 10:27 बजे (बीजिंग समय) दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान में वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल से रवाना हुआ। प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद तियानझोउ-7 रॉकेट से अलग हो गया और अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। इसके सौर पैनल जल्द ही खुल गए। एजेंसी ने प्रक्षेपण को पूरी तरह सफल बताया।

नेपाल में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव का माहौल

- जानकी मंदिर में होंगे कई सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन
- जनकपुर के घरों और सड़कों को रंग-बिरंगी रोशनी, कागजों के झंडे, बैनर और मालाओं से सजाया जा रहा है

काठमांडू (भाषा)। नेपाल में हिंदू समुदाय अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहा है। नेपाल के हिंदू विशेष तौर पर मधेश प्रांतवासी इस अवसर को बड़ी धूमधाम से मनाने की योजना बना रहे हैं। जनकपुर स्थित जानकी मंदिर कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा है।

जनकपुर को भगवान राम की पत्नी जानकी (सीता) जी का जन्मस्थान माना जाता है। भगवान राम की पत्नी सीता का दूसरा नाम जानकी है जो जनकपुर के राजा जनक की पुत्री थीं। जनकपुर नेपाल की राजधानी से 220 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में है। यह भारत के अयोध्या से लगभग 500 किमी पूर्व में है और दोनों देशों के प्राचीन रिश्तों का प्रतीक रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस अवसर पर पूरे जनकपुर उपमहानगर में सफाई अभियान शुरू किया गया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, जनकपुर के घरों और सड़कों को रंग-बिरंगी रोशनी, कागजों के झंडे, बैनर और मालाओं से सजाया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस अवसर पर गंगा आरती, रामकथा के साथ-साथ धार्मिक जुलूस निकालने की भी योजना बनाई गई है।

मधेश प्रांत में होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) के अध्यक्ष विजय झुनझुनवाला ने कहा, यह बहुत गर्व और खुशी का क्षण है। हम सभी उत्साहपूर्वक इस आयोजन का इंतजार कर रहे है। झुनझुनवाला ने बताया कि करीब तीन सप्ताह पहले जनकपुर से करीब 3000 भार जिनमें विभिन्न उपहार शामिल थे, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या भेजे गए। उन्होंने कहा कि रामभक्तों का 21 लोगों का एक समूह प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या भी जाएगा। इसी तरह काठमांडू के दक्षिण-पूर्व में 300 किलोमीटर दूर विराटनगर में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन जुलूस निकालने, दीये जलाने, प्रसाद वितरण करने और मोटरसाइकिल रैली निकालने की तैयारी की जा रही है। न्यूरो बगलामुखी सोसायटी के निदेशक बीरेंद्र बिस्ता ने कहा, हम उत्साहपूर्वक इस भव्य अवसर का इंतजार कर रहे हैं।

सिंगापुर : भारतीय मूल के मंत्री का इस्तीफा

- भ्रष्टाचार के आरोपों का कर रहे हैं सामना

सिंगापुर (भाषा)। सिंगापुर में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से इस्तीफा दे दिया।

समाचार पत्र 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के अनुसार, ईश्वरन (61) संसद की सदस्यता भी छोड़ेंगे। भ्रष्ट आचरण अन्वेषण ब्यूरो (सीपीआईबी) ने अपनी जांच के तहत पिछले साल 11 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार किया था। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी के संबंध में 14 जुलाई को सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गई थी लेकिन जांच की प्रकृति के बारे में विवरण नहीं दिया गया था। हालांकि, ईश्वरन ने प्रधानमंत्री ली सीन लूंग को लिखे अपने त्याग पत्र में, सीपीआईबी द्वारा उन पर लगाए गए विभिन्न आरोपों को खारिज कर दिया है।

उन्होंने पत्र में कहा, मै आरोपों को खारिज करता हूं और अब अपनी छवि साफ-सुथरी करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। परिस्थितियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मेरे लिए कैबिनेट, संसद सदस्य के रूप में और पीएपी के सदस्य के रूप में इस्तीफा देना उपयुक्त है। ईश्वरन ने प्रधानमंत्री को 17 जनवरी को लिखे पत्र में कहा था कि वह जुलाई 2023 में सीपीआईबी जांच शुरू होने के बाद से मिले वेतन और भत्ता वापस कर देंगे।

भारत और मालदीव के बीच चल रहे कूटनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर से बातचीत की।

आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई को समझते हैं

- पाकिस्तान में ईरान के मिसाइल अटैक पर बोला भारत

नई दिल्ली। पाकिस्तान में ईरान के मिसाइल अटैक पर भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि हम मानते है कि इस एक्शन का फैसला आत्मरक्षा में लिया गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ये मामला ईरान और पाकिस्तान के बीच का है। जहां तक भारत की बात है आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस वाली है। हम उन एक्शन को समझते है जिन्हें देश आत्मरक्षा में लेता है। बता दें कि ये बयान पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा से सटे देश के अशांत प्रांत में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक सदस्य को गोली मारे जाने की घटना के कुछ घंटों के भीतर आया है।

बलूचिस्तान में जैश अल-अद्ल के ठिकानों पर ईरान की एयरस्ट्राइक के बाद ये हमला किया गया है। जैश-अल-अद्ल यानी कि 'न्याय की सेना' 2012 में स्थापित एक सुन्नी आतंकवादी समूह है जो बड़े पैमाने पर पाकिस्तान में ऑपरेट होता है।

पाकिस्तान ने ईरान पर किया जवाबी हमला

- सिस्तान-बलूचिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की सैन्य कार्रवाई
- हमले में तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित सात की मौत

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 'आतंकी ठिकानों' पर सैन्य हमले किए जिसमें सात लोग मारे गए। बलूचिस्तान में ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले के मद्देनजर पाकिस्तान द्वारा ईरान से अपना राजदूत वापस बुला लेने और सभी पूर्व निर्धारित उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय यात्राओं को निलंबित करने के एक दिन बाद ये हमले किए गए।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने बृहस्पतिवार सुबह एक बयान में कहा, आज तड़के पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर समन्वित और लक्षित सैन्य हमले किए। इसने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में कई आतंकवादी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी के हवाले से ईरान की आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा सीमावर्ती गांव पर किए गए मिसाइल हमले में तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित सात लोग मारे गए। समाचार एजेंसी ने डिप्टी गवर्नर-जनरल अलीरेजा मरहमती के हवाले से कहा कि तड़के स्थानीय समयानुसार चार बजकर पांच मिनट पर हुए हमले में ईरान के सीमावर्ती गांव को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि प्रांत की राजधानी जाहेदान से 347 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में सरवन शहर के पास भी एक विस्फोट हुआ जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। सरकारी चैनल प्रेस टीवी ने एक जानकार सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान ने घटना के बारे में पाकिस्तान से 'तत्काल स्पष्टीकरण' की मांग की है। ईरान के हमले और पाकिस्तान के जवाबी हमलों ने पश्चिम एशिया के अस्थिर क्षेत्र में चिंताएं बढ़ा दी है जहां पहले से ही गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इस्राइल के युद्ध और यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने से तनाव व्याप्त है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने बयान में कहा, यह कार्रवाई सभी खतरों के खिलाफ अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती है। पाकिस्तान में सूत्रों ने बताया कि आज सुबह करीब छह बजे पाकिस्तान सशस्त्र बलों के जॉइंट स्टाफ मुख्यालय ने ईरान के अंदर आतंकवाद-रोधी हवाई हमलों का आदेश दिया। एक सूत्र ने कहा, ये हमले पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों द्वारा किए गए।

भारी बर्फबारी ने पूरे यूरोप में बरपाया कहर

ब्रुसेल्स (आईएएनएस)। यूरोप के कई देशों में भारी बर्फबारी और बर्फीली बारिश से स्थिति बहुत खराब हो गई है। मौसम की इस चरम स्थिति के कारण फ्लाइटें रद्द और देर हुई हैं तथा सड़क यातायात भी बाधित हुआ है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बेल्जियम में, जेवेंतेम में ब्रुसेल्स हवाईअड्डे से प्रस्थान बुधवार को दोपहर 3:20 बजे अस्थायी रूप से रोक दिया गया था क्योंकि श्रमिकों को रनवे से बर्फ हटाने की जरूरत थी। हवाईअड्डे के अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश उड़ानें लगभग एक घंटे की देरी से चलीं और कुछ रद्द कर दी गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख की उड़ानें भी शामिल थीं। ब्रुसेल्स में भारी बर्फबारी के कारण ब्रुसेल्स रिंग पर यातायात जाम हो गया है।

बोलीविया में बाढ़ से छह की मौत

ला पाज (वार्ता)। बोलीविया में ला पाज के टिपुआनी शहर में इस सप्ताह भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से छह लोगों की मौत हो गई और दो नाबालिग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

पुलिस के परिचालन प्रमुख मेजर विक्टर रामिरेज ने सरकारी टेलीविजन स्टेशन बोलीविया टीवी को बताया कि बाढ़ के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति की और एक यातायात दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को एक सार्वजनिक सेवा वाहन नदी में गिर गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई।

नगरपालिका आपातकालीन संचालन समिति के प्रतिनिधि रिकार्डो क्लारोस ने संवाददाताओं को बताया कि बारिश और उफनती नदियों ने सैकड़ों घरों को जलमग्न कर दिया, कई हेक्टेयर फसलें नष्ट हो गई और सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए। क्लारोस के अनुसार, नगर पालिका का 80 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ में डूब गया है और सैकड़ों परिवारों के पास कपड़ों के अलावा कुछ नहीं बचा है। बोलीविया सरकार ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए एक सहायता अभियान शुरू किया।

दक्षिणी गाजा में इस्राइल का हमला, 16 की मौत

- मरने वालों में आधे बच्चे

राफा (एपी)। गाजा के दक्षिणी हिस्से स्थित राफा कस्बे में इस्राइल द्वारा किए गए हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से आधे बच्चे हैं। एक चिकित्सक ने बृहस्पतिवार तड़के यह जानकारी दी।

सेना इस इलाके पर अपने हमले जारी रखे हुए है और यहां के आम लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेने को कहा है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस और कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत बुधवार को क्षेत्र में भेजी गई दवाएं हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वितरित की गई या नहीं। हमास द्वारा सात अक्टूबर को इस्राइल पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू होने के 100 से अधिक दिन बीतने के बावजूद इस्राइल सबसे घातक और विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक को जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य 2007 से गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह को खत्म करना और बंधकों को छुड़ाना है। अब इस युद्ध की चपेट में पूरे क्षेत्र के आने का खतरा बढ़ गया है। इस्राइल के हमले के बाद से अब तक 24 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए है और कुल 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके है।

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है। राफा के अल नज्जर अस्पताल के डॉक्टर तलत बरहौउम ने राफा के हमले में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए है।

गाजा में 3 इस्राइली सैनिकों की मौत

तेल अवीव (आईएएनएस)। इस्राइली रक्षा बलों ने गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध में तीन सैनिकों की मौत की घोषणा की है, जिससे जमीनी हमले में मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 193 हो गई है।

सेना ने मृत सैनिकों की पहचान मास्टर सार्जेंट जकर्याह पेसाच हैबर (32), सार्जेंट मेजर यायर काट्ज (34) और स्टाफ सार्जेंट उड़िया आयिमलक गोशेन (21) की रूप में की गई है। हैबर और काट्ज को 14वीं बख्तरबंद ब्रिगेड की 87वीं बटालियन के साथ तैनात किया गया था, गोशेन गिवती ब्रिगेड की टोही इकाई से संबंधित थे। गोशेन और हैबर यरूशलेम से थे और काट्ज होलोम से थे।

आईडीएफ के अनुसार, हेबर और काट्ज दोनों उत्तरी गाजा में मारे गए, जबकि गोशेन की दक्षिणी गाजा में मौत हो गई। सेना ने यह भी कहा कि दो अन्य रिजर्व सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान और दूसरा इस्राइल में गाजा सीमा के करीब लड़ाई के दौरान घायल हुआ था। इस्राइली सेना के अनुसार, 27 अक्टूबर, 2023 को जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से भीषण युद्ध में कम से कम 1,152 सैनिक घायल हुए हैं।

हिजबुल्लाह के साथ 'पूर्ण युद्ध' की संभावना : इस्राइल

- इस्राइली सैन्य प्रमुख ने कहा, जब हमें जरूरत होगी, हम पूरी ताकत से आगे बढ़ेंगे

यरूशलम (आईएएनएस)। इस्राइल के सैन्य प्रमुख हर्जी हलेवी ने लेबनान स्थित हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के साथ 'पूर्ण युद्ध' की संभावनाओं पर बड़ा बयान दिया है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि उत्तर में युद्ध कब शुरू होगा, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि अगले कुछ महीनों में इसके होने की संभावना पहले की तुलना में बहुत अधिक है। उन्होंने यह बयान उत्तरी इस्राइल में रिजर्विस्ट्स के अभ्यास के दौरे के दौरान दिया। उन्होंने कहा, जब हमें जरूरत होगी, हम पूरी ताकत से आगे बढ़ेंगे। हर्जी हलेवी ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य 'गाजा में लड़ाई से सीखे गए कई सबक' के मद्देनजर उत्तर में सैनिकों की तैयारियों को बढ़ाना है। पिछले दिनों हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह के यहूदी राष्ट्र पर दर्जनों रॉकेट दागे जाने के बाद 8 अक्टूबर 2023 से लेबनान-इस्राइल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसने इस्राइल को दक्षिण-पूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। आधिकारिक इस्राइली आंकड़ों के अनुसार, लेबनान की ओर से की गई गोलीबारी के कारण नौ इस्राइली सैनिक और छह नागरिक मारे गए हैं। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, लेबनानी साइड में 222 लोग मारे गए हैं, जिनमें 159 हिजबुल्लाह आतंकवादी और 37 नागरिक शामिल हैं।

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बरसाई मिसाइलें

वाशिंगटन (एपी)। अमेरिकी सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थानों पर बुधवार को मिसाइलें बरसाईं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

फाइल फोटो

- अमेरिकी सेना की ओर से यह चौथा हमला है

पश्चिम एशिया में इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के मध्य में यमन के हुती विद्रोहियों पर अमेरिकी सेना की ओर से किया गया यह चौथा ऐसा हमला है। इन हमलों से पहले अमेरिका की ओर से आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई थी कि उसने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा नामित किया है। गत शुक्रवार को भी अमेरिकी और ब्रिटेन के युद्धपोतों तथा युद्धक विमानों ने यमन में हूती विद्रोहियों के इस्तेमाल किए जाने वाले 60 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया था लेकिन प्रतिबंधों और सैन्य हमलों के बावजूद हुती विद्रोही वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों से बाज नहीं आ रहे है। बुधवार को भी यमन से हुती विद्रोहियों के कब्जे वाले एक स्थान से ड्रोन हमला किया गया था। यह ड्रोन अदन की खाड़ी में अमेरिकी स्वामित्व वाले एक पोत पर गिरी थी।

अमेरिका ने हूती विद्रोहियों को हथियार मुहैया कराने पर ईरान को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने बुधवार को कहा कि अमेरिका हमलों को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा। विद्रोहियों का कहना है कि उन्होंने सात अक्टूबर को इस्राइल पर हमास के हमले के बाद गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियानों के जवाब में जहाजों को निशाना बनाया है।

याचिकाकर्ता 'चुनिंदा जनहित' के कारण बताएं

- फर्जी मुठभेड़ की याचिका पर गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

नई दिल्ली (भाषा)। गुजरात सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि राज्य में 2002 से 2006 तक हुई कथित फर्जी मुठभेड़ों की जांच का आग्रह करने वाले याचिकाकर्ताओं को इस मुद्दे को उठाने के लिए अपने 'चुनिंदा जनहित' के कारण बताने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ 2007 में वरिष्ठ पत्रकार बी जी वर्गीज, मशहूर गीतकार जावेद अख्तर और शबनम हाशमी द्वारा दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कथित फर्जी मुठभेड़ों की जांच का अनुरोध किया गया। वर्गीज का 2014 में निधन हो गया। राज्य की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि अन्य राज्यों में भी मुठभेड़ हुई है। उन्होंने पीठ से कहा, 'वे (याचिकाकर्ता) कहते है कि हम गुजरात राज्य में एक विशेष अवधि के दौरान कुछ मुठभेड़ों की जांच चाहते है। चुनिंदा रुख वाली यह जनहित याचिका क्यों? उन्हें इसका जवाब देना होगा।' मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपने इस चुनिंदा जनहित के बारे में अदालत को संतुष्ट करना होगा।

उच्चतम न्यायालय ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच एस बेदी की अध्यक्षता में एक निगरानी प्राधिकरण नियुक्त किया था जिसने 2002 से 2006 तक गुजरात में 17 कथित फर्जी मुठभेड़ मामलों की जांच की थी। समिति ने 2019 में 'सीलबंद कवर' में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसने जांच किए गए 17 मामलों में से तीन में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी। शीर्ष अदालत में दाखिल अपनी अंतिम रिपोर्ट में समिति ने कहा था कि प्रथम दृष्टया तीन लोगों को गुजरात पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ों में मार डाला।

बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि समिति की रिपोर्ट पहले ही अदालत के सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा, 'बस ये करने की जरूरत है उन लोगों पर मुकदमा चलाना है जिनकी रिपोर्ट में पहचान की गई है।' उन्होंने कहा कि समिति तीन मामलों में प्रथम दृष्टया निष्कर्ष पर पहुंची है। पीठ ने कहा 'मामले की सुनवाई जरूरी है' और याचिकाओं पर सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की। गुजरात सरकार ने पूर्व में याचिकाकर्ताओं के अधिकार क्षेत्र के बारे में आपत्ति जताई थी। शीर्ष अदालत में दाखिल अपनी अंतिम रिपोर्ट में न्यायमूर्ति बेदी समिति ने कहा था कि तीन लोग-समीर खान, कासम जाफर और हाजी इस्माइल - प्रथम दृष्टया पुलिस द्वारा फर्जी मुठभेड़ों में मारे गए थे।

कनाडा : जबरन वसूली की घटनाओं में वृद्धि

- भारतीयों व दक्षिण एशियाई लोगों को बनाया जा रहा निशाना

टोरंटो (आईएएनएस)। भारतीय और दक्षिण एशियाई व्यापारिक समुदायों के खिलाफ जबरन वसूली की घटनाओं में वृद्धि पर चिंता जताते हुए कनाडा के ब्रैम्पटन और सरे शहरों के मेयरों ने सरकार से इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया है।

ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन और सरे के उनके समकक्ष ब्रेंडा लॉक ने कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक को संबोधित एक पत्र में इस सप्ताह जबरन वसूली के प्रयासों और गोलीबारी सहित हिंसक कृत्यों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। पत्र में कहा गया है, यह चिंताजनक घटनाक्रम इन खतरों की गंभीरता और व्यापक प्रकृति को रेखांकित करता है, जो मुख्य रूप से दक्षिण एशियाई व्यापार समुदाय के सदस्यों को लक्षित कर रहे हैं। महापौरों ने कहा कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) और पील क्षेत्रीय पुलिस सहित स्थानीय पुलिस विभागों ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया है।

संक्षिप्त खबरें

लक्जरी घर बेचेगी शापूरजी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट ने कहा कि उसे पुणे में 276 लक्जरी घरों की बिक्री से लगभग 600 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने अपनी परियोजना 'गोल्फलैंड' का दूसरा चरण शुरू किया है, जो पश्चिम पुणे के बावधन के पास एक बड़ी टाउनशिप 'वनहा' का हिस्सा है। इस परियोजना में 276 घर होंगे, जो खरीदारों के लिए 1.48 करोड़ रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होंगे।

सन फार्मा अधिग्रहण करेगी

नई दिल्ली। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह इजराइल की टैरो फार्मा की बाकी 21.52 प्रतिशत हिस्सेदारी 2,891.76 करोड़ रुपये में खरीदेगी। इस अधिग्रहण के साथ दोनों कंपनियों के विलय का रास्ता भी साफ हो जाएगा। सन फार्मा ने कहा कि 21.52 फीसद शेयरों का अधिग्रहण 2,891.76 करोड़ में होगा। समझौते के अनुसार दवा कंपनी ने टैरो के सभी बाकी साधारण शेयरों को बिना ब्याज के 43 अमेरिकी डालर प्रति शेयर नकद में खरीदने पर सहमति जताई है।

सीएलई के नए चेयरमैन

नई दिल्ली। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजेंद्र कुमार जालान ने परिषद के नए चेयरमैन के रूप में पदभार संभाला है। उन्होंने संजय लीखा की जगह ली है। सीएलई वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एक निर्यात संवर्धन इकाई है। जालान इससे पहले परिषद के वाइस चेयरमैन थे। उन्होंने फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान की प्रशासनिक परिषद और केंद्रीय फुटवियर प्रशिक्षण संस्थान, आगरा के बोर्ड में भी काम किया है।

ईपीआईसी को सऊदी में ठेके

नई दिल्ली। वेलस्पन कॉर्प ने कहा कि उसकी सहायक इकाई ईस्ट पाइप्स इंटीग्रेटेड कंपनी फार इंडस्ट्री (ईपीआईसी) को सऊदी अरब में लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। वेलस्पन ने कहा, 'सऊदी अरब में ईस्ट पाइप्स को कुल 1.32 अरब सऊदी अरब रियाल से अधिक के ठेके मिले हैं।' नए ठेकों में सेलाइन वाटर कन्वर्जन कॉरपोरेशन को इस्पात के पाइप की आपूर्ति शामिल है। यह ठेका करीब 2,200 करोड़ रुपये का है।

सैमसंग नोएडा में बनाएगी S24 सीरीज के फोन

■ इन फोन का भारत से निर्यात भी करेगी कंपनी

सैन जोस (भाषा)।

कोरियाई इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माता सैमसंग घरेलू बिक्री के साथ ही निर्यात के लिए अपने भारतीय कारखाने में नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के फोन बनाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

कंपनी ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन 'गैलेक्सी एस24' सीरीज का अनावरण किया। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अनुप्रयोगों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इसमें हिंदी सहित चुनिंदा भाषाओं में तत्काल वॉयस कॉल और संदेश अनुवाद, बेहतर छवि संपादन, कंटेंट निर्माताओं को लुभाने के लिए बेहतर कैमरा और मजबूत डिस्प्ले के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर ग्लास जैसे फीचर शामिल हैं।

सैमसंग इंडिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, 'यह एक भविष्य का उपकरण है। दुनिया एआई के बारे में अगली बड़ी चीज की बात कर रही है, जबकि गैलेक्सी एस24 श्रृंखला इसे आपके सामने सीधे लेकर आ रही है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का विनिर्माण भारत में हमारे नोएडा कारखाने में किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि भारत में उपभोक्ता 18 जनवरी से गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग कर सकते हैं और इसकी बिक्री 31 जनवरी से शुरू होगी।

सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन की स्टोरेज क्षमता आठ जीबी सिस्टम मेमोरी (रैम) और 256 जीबी स्टोरेज मेमोरी (रैम) से लेकर 12 जीबी रैम और एक टेराबाइट (टीबी) रैम तक रखी है। ये स्मार्टफोन भारत में 79,999 रुपये से 1,59,999 रुपये के दायरे में उपलब्ध होगा।

पार्क ने कहा, 'सैमसंग में, हमें भारत में प्रीमियम उत्पादों को बढ़ावा देने पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि भारत गैलेक्सी एस24 को संचालित करके एआई क्रांति को अपनाने में सबसे आगे होगा।'

स्टोरेज एवं मेमोरी

सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन की स्टोरेज क्षमता आठ जीबी सिस्टम मेमोरी (रैम) और 256 जीबी स्टोरेज मेमोरी (रैम) से लेकर 12 जीबी रैम और एक टेराबाइट (टीबी) रैम तक रखी है।

- एआई से लैस है कंपनी का यह फोन
- इस फोन में हैं कई तरह के अनूठे फीचर
- अगली पीढ़ी का होगा यह स्मार्टफोन
- भारत में इस फोन की प्री बुकिंग गुरुवार से शुरू
- 31जनवरी से शुरू होगी इसकी बिक्री
- सैमसंग इंडिया के अध्यक्ष एवं सीईओ जेबी पार्क ने कहा, एआई अपनाने में सबसे आगे होगा भारत
- 80 हजार से 1.60 लाख के दायरे में रखी गई है इस स्मार्टफोन की कीमत

भारत में असमानता कम करने वाले डिजिटल ढांचे को विशेषज्ञों ने सराहा

दावोस (भाषा)।

वैश्विक विशेषज्ञों के एक समूह ने आर्थिक असमानता कम करने में खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सहित भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। दावोस नवोन्मेष सप्ताह में एक परिचर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर चर्चा की कि कैसे यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारत में नई ऊंचाई पर पहुंचा। इसका आयोजन 'वर्ल्ड इनोवेशन इकनॉमिक्स' ने किया।

परिचर्चा में संजीव सान्याल (प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य), फिलिप वेट्स (स्विट्जरलैंड के एक बैंक अधिकारी), एफी पाइलरिनोऊ (स्विस फिनटेक क्षेत्र से जुड़े) और अशोक रणदिवे (पूर्व-भारतीय नौसेना, गूगल के पूर्व अधिकारी, उद्यमी और निवेशक) शामिल थे। विषेषज्ञों ने यूपीआई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, इंडिया स्टैक 2.0 (देश के लोगों को डिजिटल युग में लाने के लिए एकीकृत साफ्टवेयर मंच) सीबीडीसी (केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा), ब्लाकचेन और आंकड़ों की निजता के बारे में चर्चा की।

परिचर्चा में भाग लेने वाले सभी विशेषज्ञों ने मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और बेहतर संचालन व्यवस्था के कारण भारत की तीव्र समावेशी वृद्धि की प्रशंसा की। इसमें इस बात पर भी चर्चा हुई कि कैसे भविष्य में यूपीआई जैसी प्रौद्योगिकी का निर्यात अमेरिका या यूरोप जैसे देशों को हो सकता है।

भारत सबसे भरोसेमंद देश : वैष्णव

■ वैश्विक निवेशकों के लिए सभी क्षेत्रों में हैं पर्याप्त अवसर

■ दावोस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत की जुझारू क्षमता के बारे में जानना चाहती है दुनिया

दावोस (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के लिए सबसे भरोसेमंद देश बना दिया है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि वैश्विक व्यवसायों को इस भरोसे के अनुरूप भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और स्थिरता का लाभ उठाना चाहिए।

वैष्णव ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक-2024 में एक साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस मजबूत नींव को रखा है, उसे देखते हुए भारत कम से कम अगले 10 साल तक 6-8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में भरपूर अवसर होंगे। उन्होंने कहा, 'कारोबारी हस्तियों, निवेश बैंकरों, प्रौद्योगिकी सीईओ और अन्य नेताओं के साथ बैठकों में, एक बात जो बहुत स्पष्ट रूप से सामने आई, वह है भारतीय अर्थव्यवस्था की जुझारू क्षमता। लोग इसके बारे में अधिक जानना चाहते हैं।' वैष्णव ने कहा, 'लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के बारे में गहराई से जानना चाहते हैं। मैंने कई शीर्ष निवेश बैंकरों और वैश्विक सीईओ के साथ चर्चा की है कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती दी है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की निगरानी में भारतीय अर्थव्यवस्था के चार स्तंभों बुनियादी ढांचे में निवेश, विनिर्माण पर जोर, समावेशी विकास और सरलीकरण पर बहुत अधिक काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी वैश्विक नेता इस बात पर सहमत हैं कि भारत कम से कम 10 वर्षों तक 6-8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करेगा।

- इस भरोसे के अनुरूप भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का लाभ उठाएं वैश्विक कारोबारी
- भारत कम से कम दस साल तक छह से आठ फीसद की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करेगा

उत्तरी और दक्षिणी दुनिया के बीच एक पुल है भारत : स्मृति

दावोस (भाषा)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत खुद को वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर के बीच एक पुल के रूप में देखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा भागीदार है जिस पर विस्तारित ब्रिक्स समूह के सभी सदस्य भरोसा कर सकते हैं। ईरानी ने डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक में एक सत्र में कहा कि भारत को विभिन्न वैश्विक मंचों पर समावेशी विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत के लिए एक एजेंडा तय करने पर गर्व है।

ब्याज दरों में गिरावट जारी रहे : आईएमएफ प्रमुख

दावोस (भाषा)। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) कही प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि 2024 में ब्याज दरों में गिरावट जारी रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि किसी भी नीतिगत गलती के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि इस सफर का अंतिम हिस्सा बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने यहां डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक-2024 के दौरान एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्रीय बैंकों को समय से पहले सख्ती नहीं करनी चाहिए।

कुछ वर्षों में देश का एविएशन सेक्टर भरेगा ऊंची उड़ान

■ देश की विमानन कंपनियां खरीदेंगी 1120 विमान ■ नए विमान आने से कई अन्य क्षेत्रों में शुरू होगी सेवा

नई दिल्ली (भाषा)।

अकासा एयर ने बृहस्पतिवार को 150 विमान का ऑर्डर देने की घोषणा की। इसके साथ ही तीन भारतीय विमानन कंपनियों ने मिलकर एक साल के भीतर कुल 1,120 विमानों का आर्डर दिया है। इससे कई नए क्षेत्रों में सेवाएं शुरू हो सकेंगी और देश का विमानन क्षेत्र गुलजार होगा।

दो साल से भी कम पुरानी अकासा एयर ने 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए पुष्ट आर्डर दिया है। वर्ष 2023 में एयर इंडिया और इंडिगो ने मिलकर बोइंग और एयरबस को 970 विमानों के आर्डर दिए।

तीनों कंपनियां तेजी से बढ़ते भारतीय विमानन क्षेत्र में पैठ बढ़ाने के लिए तैयार हैं। एयर इंडिया ने पिछले साल फरवरी में 470 विमानों का आर्डर दिया था। इसके बाद जून में इंडिगो ने एयरबस के साथ 500 विमान खरीदने के लिए समझौता किया। पिछले साल फरवरी से अकासा एयर, एयर इंडिया और इंडिगो ने मिलकर 1,120 विमानों का आर्डर दिया है। भारतीय एयरलाइंस पहले आर्डर दिए जा चुके विमानों की आपूर्ति के लिए भी तैयार है। अकेले इंडिगो के पास लगभग 1,000 विमानों की आर्डर बुक है।

20 साल में 2840 विमान, 41000 पायलट की जरूरत

हैदराबाद (भाषा)। भारत को अगले 20 साल में 2,840 नए विमानों और 41,000 पायलटों की जरूरत होगी। एयरबस भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड यह अनुमान जताते हुए कहा कि साथ ही देश में 47,000 तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यकता भी होगी। उन्होंने विमानन सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 'विंग्स इंडिया 2024' के मौके पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एयरबस इस दशक के अंत तक भारत से अपनी सोर्सिंग को मौजूदा 75 करोड़ अमेरिकी डालर से दोगुना कर 1.5 अरब डालर कर देगी।

रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों तक बढ़ेगा PLI का दायरा

■ सर्वे एजेंसी डेलायट ने कहा, अंतरिम बजट में किया जा सकता है योजना का दायरा बढ़ाने का प्रावधान

नई दिल्ली (भाषा)।

विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार आगामी अंतरिम बजट में पीएलआई योजना का दायरा बढ़ा सकती है।

डेलायट ने कहा कि इसमें कपड़ा, आभूषण और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जा सकता है। इस समय उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 14 क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है।

डेलायट इंडिया के पार्टनर रजत वाही ने कहा कि ग्रामीण आय बढ़ाकर मुद्रास्फीति और उपभोग मांग में कमी से निपटा जा सकता है। उन्होंने से कहा, 'आज हमारे पास पीएलआई योजना के तहत 14 क्षेत्र हैं, लेकिन इनमें से कई क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा नहीं करते हैं। चमड़ा, परिधान, हस्तशिल्प और आभूषण जैसे कई क्षेत्रों को पीएलआई योजना में लाने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार के अवसर तैयार करते हैं और इन्हें पीएलआई योजना के दायरे में लाने से कम आय वाले परिवारों के साथ ही शहरी लोगों को भी मदद मिलेगी।

डेलायट ने अपनी बजट अपेक्षाओं की रिपोर्ट में कहा कि सरकार से ग्रामीण परिवारों की आय में सतत वृद्धि के उपाय करने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट 2023-24 पेश करेंगी।

- पीएलआई योजना के तहत कई क्षेत्र नहीं पैदा करते रोजगार
- फिलहाल 14 क्षेत्रों में दिया जा रहा है पीएलआई योजना का लाभ
- ग्रामीण आय बढ़ाकर बढ़ाई जा सकती है उपभोक्ता मांग

सोना 300 रुपये फिसला चांदी में भी आई गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 300 रुपये के नुकसान के साथ 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 200 रुपये के गिरावट के साथ 75,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। इससे पूर्व यह 75,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

जन्मतिथि प्रमाण के लिए अब आधार वैध नहीं : ईपीएफओ

नई दिल्ली (भाषा)। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने कहा है कि अब जन्म तिथि के प्रमाण के लिए 'आधार' को वैध दस्तावेज नहीं माना जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक परिपत्र में कहा है कि 'आधार' को वैध दस्तावेजों की सूची से हटाने का निर्णय भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के निर्देश के बाद लिया गया है। मंगलवार को जारी इस परिपत्र के मुताबिक, ईपीएफओ से संबंधित कामकाज के दौरान जन्मतिथि में सुधार के लिए भी आधार को वैध दस्तावेजों की सूची से हटाया जा रहा है।

यूआईडीएआई ने 22 दिसम्बर, 2023 को एक परिपत्र में कहा था कि आधार क्रमांक का इस्तेमाल सत्यापन के बाद किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है और इस वजह से यह जन्म तिथि का प्रमाण नहीं है। प्राधिकरण ने यह भी कहा था कि ईपीएफओ जैसे कई निकाय जन्मतिथि को सत्यापित करने के लिए आधार का उपयोग कर रहे है। उसने कई उच्च न्यायालयों के आदेशों का संदर्भ देते हुए कहा था कि आधार जन्म तिथि का वैध प्रमाण नहीं है। जन्म तिथि के लिए वैध प्रमाण के रूप में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार से जारी होने वाला जन्म प्रमाण पत्र, किसी मान्यता प्राप्त सरकारी बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकपत्र, पैन (स्थायी खाता संख्या) कार्ड जैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल होता है।

बीते वर्ष रियल एस्टेट कंपनियों ने 2,707 एकड़ जमीन के 97 सौदे किए

नई दिल्ली (भाषा)। रियल एस्टेट कंपनियों के अपने कारोबार का विस्तार जारी रखने से पिछले साल 2,707 एकड़ से अधिक के कम-से-कम 97 भूमि सौदे संपन्न हुए। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत डेवलपर और फर्मों का भूमि अधिग्रहण का सिलसिला बीते साल भी मजबूती से जारी रहा। वर्ष 2022 में लगभग 2,508 एकड़ भूमि के 82 सौदे हुए थे।

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि महामारी के बाद से वाणिज्यिक और आवासीय मांग बढ़ने के साथ डेवलपर एवं कंपनियां भूमि सौदे संपन्न करने के लिए अहमदाबाद का रुख कर रही हैं। सौदों के आकार के मामले में अहमदाबाद 2023 में सबसे बड़े भूमि लेनदेन के साथ सबसे आगे रहा। कुल सौदों की संख्या के मामले में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) 25 सौदों के साथ सबसे आगे रहा। ये सौदे लगभग 289 एकड़ के लिए हुए थे। वहीं 22 सौदों के साथ दिल्ली-एनसीआर दूसरे स्थान पर रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में खरीदे गए कुल भूमि क्षेत्र का 72 प्रतिशत रिहायशी गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाना है।

उम्मीद से बेहतर होगी वृद्धि दर

■ भारतीय रिजर्व बैंक के एक लेख में जताया गया है यह अनुमान

मुंबई (भाषा)।

देश की आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से कहीं बेहतर रहने का अनुमान है। साथ ही सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर से निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह कहा गया है।

'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर निकट भविष्य में वृद्धि के मामले में संभावनाएं अलग-अलग है और एशिया के नेतृत्व में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि उपभोग से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है।'

रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि सरकार ने बढ़-चढ़कर पूंजीगत व्यय किया है, उसका असर दिखने लगा है। इससे निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। देश में संभावित उत्पादन में तेजी आ रही है। वास्तविक उत्पादन इससे अधिक है। हालांकि, अंतर बना हुआ है लेकिन वह कम है। लेख में कहा गया है, 'वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिरता है। ऐसे में 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्ध दर कम-से-कम सात प्रतिशत बनाये रखकर इस गति को बनाए रखना चाहिए।' इसको देखते हुए मुद्रास्फीति को इस साल की दूसरी तिमाही के लक्ष्य के अनुरूप रखने की जरूरत है।

लेख के अनुसार, साथ ही वित्तीय संस्थानों के बही-खातों को मजबूत बनाने और संपत्ति गुणवत्ता में और सुधार की जरूरत है। इसके साथ राजकोषीय और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के स्तर पर खातों में मजबूत का जो दौर चल रहा है, उसे बनाये रखने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है, 'जो बदलावकारी प्रौद्योगिकी के लाभ है, उसका उपयोग एक मजबूत जोखिम-मुक्त परिवेश में समावेशी विकास के लिए किया जाना चाहिए।

डब्ल्यूटीओ में सबसे पहले खाद्यान्न भंडारण के मुद्दे का समाधान चाहता है भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान निकलने तक कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में प्रमुखता से उठेगा। डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की 26-29 फरवरी को अबू धाबी में बैठक होने वाली है। अधिकारी ने अबू धाबी बैठक के संदर्भ में कहा, 'खाद्यान्न का सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा सबसे लंबे समय से लंबित है। बाली में हुए पिछले सम्मेलन में सदस्यों ने इसके समाधान का वादा किया था और बाद में हुए सम्मेलनों में भी इसका समर्थन किया गया।'

2030 तक 30 करोड़ होगी हवाई यात्रियों की संख्या

हैदराबाद (भाषा)।

केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था।

सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी- 'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी। वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और तेलंगाना सरकार के मंत्री वेंकट रेड्डी भी मौजूद थे।

एचडीएफसी बैंक के शेयर में लगातार गिरावट से सेंसेक्स 314 अंक और लुढ़का

मुंबई (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 314 अंक लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक में लगातार बिकवाली और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली तथा बिजली कंपनियों के शेयरों में बिक्री से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 313.90 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,186.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 835.26 अंक तक लुढ़क गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 109.70 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,462.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 286.4 अंक तक गिर गया था।

भविष्य की ऊंची उड़ान भरने को आतुर भारत की युवा ब्रिगेड

ब्लोमफोंटन (भाषा)। क्रिकेट को भविष्य के सितारे देने वाला अंडर-19 विश्व कप शुक्रवार से जब शुरू होगा तो कइयों के मुस्तकबिल बनेंगे और कई ख्वाब हकीकत का रूप लेंगे जबकि विरोधी टीमों का जोर पांच बार के चैंपियन भारत का दबदबा तोड़ने पर होगा। यह सर्वविदित है कि अंडर-19 विश्व कप ने ही क्रिकेट जगत को कई भावी सितारे दिए हैं।

सभी की नजरें भारतीय टीम पर लगी होंगी जिसके कप्तान पंजाब के उदय सहारन हैं। भारत को शनिवार को पहले मैच में बांग्लादेश से खेलना है। ग्रुप ए में भारत और बांग्लादेश के अलावा अमेरिका और आयरलैंड भी हैं। यह टूर्नामेंट 11 फरवरी तक चलेगा जब बेनोनी में फाइनल खेला जाएगा। सोलह टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी जिसमें 12 टीमों को दो पूल में बांटा जाएगा। इनसे शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो बेनोनी में ही छह और आठ फरवरी को होगा।

भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट (एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय सीरीज) खेले हैं। एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी। उसके बाद हालांकि दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय सीरीज भारत ने अपराजेय रहकर जीती जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। फाइनल बारिश की भेंट होने से भारत और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त विजेता रहे।

अंडर-19 विश्व कप — आज से

- **ग्रुप ए** - बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, अमेरिका।
- **ग्रुप बी** - इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज।
- **ग्रुप सी** - आस्ट्रेलिया, नामीबिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे।
- **ग्रुप डी** - अफगानिस्तान, नेपाल, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान।

भारत के बाद आस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा तीन और पाकिस्तान ने दो बार अंडर-19 विश्व कप जीता है। बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और इंग्लैंड एक-एक बार विजयी रहे।

भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अरावेली अश्विन के साथ करार किया है जिसने नवम्बर में चार देशों की सीरीज में 93 गेंद में 163 रन बनाये थे।

पिछले साल कूच बेहार ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे मुशीर खान और कप्तान उदय सहारन पर भी नजरे होंगी। गेंदबाज राज लिम्बानी ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ सात विकेट लिए थे जबकि उपकप्तान स्वामी पांडे ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह विकेट चटकाये थे। अन्य टीमों में न्यूजीलैंड के रहमान हिकमत, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उबेद शाह, अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर अल्लाह मुहम्मद गजांफर और इंग्लैड के लुक बेंकेंस्टेन पर नजरें रहेंगी।

टी-20 विश्व कप से पहले कई विकल्प सामने होना अच्छा : द्रविड़

बेंगलुरू (भाषा)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 3-0 से मिली 'क्लीन स्वीप' पर प्रसन्नता जताई है। चूंकि कई युवा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए कई विकल्प मिल गए हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद 11 टी-20 खेले हैं। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के कारण टीम प्रबंधन को जितेश शर्मा और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिला।

द्रविड़ ने कहा, 'वनडे विश्व कप के बाद अलग अलग खिलाड़ियों ने खेला है। इसके कई कारण रहे लेकिन यह अच्छा है कि विश्व कप से पहले हमारे पास विकल्प है।' उन्होंने कहा, 'हमें कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं।' द्रविड़ ने कहा, 'एक टीम के रूप में अब हमें उतने मैच नहीं खेलने हैं। आईपीएल है और इन खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी।'

दुबे ने अफगानिस्तान के खिलाफ 124 रन बनाए और दो विकेट लिए। द्रविड़ ने कहा, 'वह लंबे समय बाद लौटा हैऔर पहले से काफी बेहतर खिलाड़ी बनकर आया है। उसमें प्रतिभा हमेशा से थी और उसके प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा कि आप वापसी करने के साथ प्लेयर आफ द सीरिज भी बने हैं।'

विकेटकीपिग में भारत के पास जितेश, संजू सैमसन, ईशान किशन, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकल्प हैं और कोच ने किसी के भी खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, 'हमारे पास कई विकल्प हैं। संजू, किशन और ऋषभ सभी हैं। देखना होगा कि अगले कुछ महीने में क्या स्थितियां रहती हैं और उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा।'

रांची : महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ गोल जमाने पर जश्न मनातीं भारतीय हॉकी खिलाड़ी।

भारत शूटआउट में जर्मनी से हारा

रांची (भाषा)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बृहस्पतिर को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जुझारू जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद पेनल्टी शूटआउट के सबसे अहम चरण में हिम्मत हारकर जर्मनी से 3-4 से पराजित हो गयी। दोनों टीमें निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी शुक्रवार को फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी। जिसने पहले सेमीफाइनल में जापान को 2-1 से हराया।

इस जीत से जर्मनी ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है। भारत के लिए सांत्वना की बात यह है कि उसके पास ओलंपिक कोटा पक्का करने का एक और मौका है। टीम शुक्रवार को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में जापान को हराकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। इस टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

निर्धारित समय में भारत के लिए दीपिका (15वें मिनट) और इशिका चौधरी (59वें मिनट) ने गोल किए। जर्मनी के लिए दोनों गोल चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (27वें, 57वें) ने दागे। उम्मीद के अनुररूप जर्मनी ने शुरुआत से ही आक्रमण किया और धुंध भरी रात में भारतीय रक्षापंक्ति पर लगातार हमले किए। अपनी रणनीति पर चलते हुए जर्मनी ने भारत के सर्कल में कई बार सेंध लगायी।

पहले ही मिनट में जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत द्वारा रिव्यू लेने के बाद इसे अस्वीकार कर दिया गया। मेहमान टीम ने दबाव बनाए रखा और नौवें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी संभाली। भारतीय खिलाड़ियों ने भी जर्मनी के सर्कल में सेंध लगायी लेकिन फिनिशिग में कमी रह गई।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी मैच देखने पहुंचे हुए थे। उनके उत्साहवर्धन से घरेलू टीम ने जर्मन रक्षापंक्ति को परेशान करने के लिए गजब का जज्बा दिखाया। पहले क्वार्टर के खत्म होने से सिर्फ 55 सेकेंड पहले भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक ताकतवर ड्रैगफ्लिक से बढ़त दिलाकर जर्मनी को हैरान कर दिया। इस गोल के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी रक्षापंक्ति पर लगातार हमले किए। पर जर्मनी की टीम शांत बैठने वाली नहीं थीं, उसने पिछड़ने के बाद हमलों में इजाफा कर दिया।

ओलंपिक — क्वालीफायर

- भारतीय महिला टीम अब पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए जापान से भिड़ेगी
- जर्मनी और अमेरिका में होगी फाइनल भिड़ंत, दोनों को मिला ओलंपिक टिकट
- पहले सेमीफाइनल में अमेरिका ने जापान को 2-1 से हराया

भारत के मिडफील्ड में संयोजन की कमी दिखी और ढीली गेंद को दूर करने में असमर्थता उसे महंगी पड़ी। जर्मनी ने चार्लोट के मैदानी गोल से हाफ टाइम से तीन मिनट पहले ही बराबरी हासिल कर ली। जर्मनी ने अपने प्रयास जारी रखे लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति डटी रही। तीसरे क्वार्टर से तीन मिनट पहले सविता ने ऐनी श्रोडर के प्रयास का शानदार बचाव किया। भारत को 35वें मिनट में बढ़त लेने का शानदार मौका मिला लेकिन दीपिका के प्रयास को जर्मन की गोलकीपर जूलिया सोनटाग ने आसानी से रोक दिया। कुछ सेकेंड बाद जर्मनी को अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय बैकलाइन बहुत मजबूत थी जिसने जर्मनी के कई प्रयासों को नाकाम किया।

अंत में भारतीय रक्षात्मक पंक्ति के लिए इन हमलों को संभालना मुश्किल हो गया। चौथे क्वार्टर में तीन मिनट पहले ही चार्लोट ने अपना दूसरा गोल करके स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और 59वें मिनट में लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। इसमें से दूसरे को इशिका ने रिबाउंड से गोल में डाल दिया और मैच शूटआउट में चला गया। शूटआउट में सविता ने दो अच्छे बचाव किए लेकिन नवनीत कौर, नेहा गोयल, संगीता कुमारी और सोनिका के चूकने से जर्मनी मैच जीतने के साथ पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने में सफल रहा।

भारत एएफसी एशियाई कप में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हारा

दोहा (भाषा)। भारतीय फुटबॉल टीम को बृहस्पतिवार को एएफसी एशियाई कप के ग्रुप मैच में मजबूत उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की मुश्किलें रक्षात्मक खामियों के कारण और बढ़ गयीं जिससे ग्रुप बी में उसे लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी। भारत पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार आस्ट्रेलिया से 0-2 से हार गया था लेकिन इसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की गयी थी।

अहमद बिन अली स्टेडियम में मध्य एशियाई देश के खिलाफ भारत का प्रदर्शन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन से काफी अलग दिखा। उज्बेकिस्तान ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में सीरिया से ड्रा खेला था और 102वीं रैंकिग की भारतीय टीम के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा। 68वीं रैंकिग पर काबिज उज्बेकिस्तान के लिए अब्बोसबेक फैजुल्लाव (चौथे मिनट), इगोर सर्गेव (18वें) और नसरुल्लाएव (45प्लस3) ने गोल दागे। भारत अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में 23 जनवरी को सीरिया से भिड़ेगा।

इटली ने शूटआउट में चिली को 2-1 से हराया

रांची (भाषा)। इटली ने एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में को चिली को शूटआउट में 2-1 से हराकर पांचवें-छठे स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में जगह बनाई। पांचवें से आठवें स्थान के इस क्लासीफिकेशन मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। चिली के लिए 13वें मिनट में फ्रांसिस्का टाला ने फील्ड गोल किया। शूटआउट में इटली के लिए मारिया इनाउदी और कार्टा ने गोल किए जबकि चिली के लिए डोमेनिका अनानियास ने गोल दागा।

सुमित नागल हारे, बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में

मेलबर्न (भाषा)। भारत के सुमित नागल का शानदार सफर आस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में चीन के जुनचेंग शांग के हाथों बृहस्पतिवार को मिली हार के साथ समाप्त हो गया। नागल ने पहले दौर के मुकाबले में शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ी को पराजित किया था। बृहस्पतिवार को भी आक्रामक अंदाज में शुरुआत की लेकिन वह दो घंटे 50 मिनट तक चले मुकाबले में 18 साल के वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले शांग से 2-6, 6-3, 7-5, 6-4 से हार गए।

शांग ने तीसरे सेट के बाद से अच्छी सर्विस की और मैच में 'बैकहैंड बॉल्स' से परेशानी के बावजूद जीत हासिल की। इसके बावजूद 26 वर्षीय नागल मेलबर्न पार्क से खुशनुमा याद के साथ बाहर होंगे क्योंकि हरियाणा के झज्जर के इस खिलाड़ी ने पहले क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में जगह बनायी और फिर दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुबलिक पर जीत हासिल की।

वहीं युगल में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियन जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन ने शुरुआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की स्थानीय टीम को पराजित किया। विजय सुंदर प्रशांत और अनिरुद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन. श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को अपना अभियान इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो के खिलाफ शुरू करेंगे।

आस्ट्रेलियन — ओपन

नागल ने शुरू में चीन के खिलाड़ी को बेसलाइन में उलझाया और पहले गेम में ही फोरहैंड विनर से पहला ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। उन्हें दूसरा मौका भी मिला जिसमें चीन के खिलाड़ी की बैकहैंड गलती से उन्होंने अंक हासिल किया। शांग ने अपने स्ट्रोक्स में तेजी लाने की कोशिश करते हुए दमदार शॉट लगाए लेकिन नागल भी तैयार थे और वह 3-1 से बढ़त बनाने में सफल रहे। शांग पांचवें गेम में 0-30 से पिछड़ रहे थे लेकिन अच्छी सर्विस से संभल गए।

नागल को शांग की फोरहैंड गलती से फिर एक और ब्रेक मिला जिससे उन्हें 5-2 से आगे होने का मौका मिला। लेकिन चीन के खिलाड़ी ने ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। शांग ने दो और मौके बंचाए लेकिन डबल फॉल्ट से नागल को चौथा ब्रेकप्वाइंट मिला। शांग की 17वीं सहज गलती से एक और ब्रेक मिला जिससे भारतीय खिलाड़ी ने अगले गेम में पहला सेट जीत लिया।

दूसरे सेट में शांग ने बेहतर और आक्रामक खेल दिखाया। उन्हें नागल को दबाव में डालने का मौका मिला, पर वह दूसरे गेम में दो ब्रेक प्वाइंट का फायदा नहीं उठा सके। शांग ने कम गलतियां की, अच्छी सर्विस की और कोर्ट कवरेज में सुधार दिखा, इससे उन्होंने दो ब्रेक के साथ 5-2 से बढ़त बना ली। नागल ने इसके बाद सहज गलती से शुरुआत की, पर संभल गए। शांग को ऊंची बैकहैंड बॉल से परेशानी हो रही थी लेकिन उन्होंने ताकतवर फोरहैंड से दूसरा सेट अपने पक्ष में कर लिया।

तीसरा सेट कड़ी टक्कर वाला रहा जिसमें दोनों 5-5 की बराबरी पर थे। नागल ने दो ब्रेक प्वाइंट बचाए लेकिन चीन के खिलाड़ी को एक और मौका दे दिया। जिन्होंने 'डाउन द लाइन' फोरहैंड विनर से इसे अंक में तब्दील किया। चौथे सेट में शांग का खेल बेहतर रहा और उन्होंने 3-3 की बराबरी के बाद स्कोर 4-3 और 5-3 करके जीत हासिल की।

मेलबर्न : चीन के जुनजेंग शांग के खिलाफ रिटर्न लगाते सुमित नागल।

संक्षिप्त खबरें

श्रीलंका के कोचों को ट्रेनिंग देंगे भरत अरुण

कोलंबो। श्रीलंका ने देश में कोच और अन्य सहयोगी स्टाफ को उन्नत ट्रेनिंग प्रदान करने के बोर्ड के प्रयास के अंतर्गत भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण की सेवाएं लेने का फैसला किया है। अरुण ने पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ मिलकर भारत के मजबूत तेज आक्रमण को बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट ने स्थानीय कोच, ट्रेनर और फिजियो को उन्नत ट्रेनिंग प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुछ मशहूर प्रतिभाओं की सेवाएं प्राप्त करने का फैसला किया है।' अरुण के अलावा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स और मशहूर फिजियो एलेक्स कोंटौरी को भी शामिल किया हैं। कोंटौरी ने पहले श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम के साथ काम किया था।

स्नेहा सिंह ने दूसरे चरण का खिताब जीता

मुंबई। स्नेहा सिंह ने बृहस्पतिवार को महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे चरण के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता रहीं स्नेहा ने अंतिम दौर की शुरुआत ईगल से की और समापन भी ईगल से। इससे उन्होंने सात अंडर 63 का कार्ड खेला। स्नेहा ने इस तरह बीती रात शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी (68) को एक शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। स्नेहा बीती रात हिताशी से चार शॉट पीछे चल रही थीं। स्नेहा (68, 73, 63) का कुल स्कोर छह अंडर 204 का रहा।

पाटीदार के शतक के बावजूद भारत ए पर इंग्लैंड लायंस का पलड़ा भारी

अहमदाबाद (भाषा)। रजत पाटीदार के नाबाद शतक के बावजूद इंग्लैंड लायंस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भारत ए पर शिकंजा कस लिया। पाटीदार ने 132 गेंद में 18 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाए लेकिन भारत ए टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आठ विकेट पर 215 रन ही बना सकी। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी आठ विकेट पर 553 रन पर घोषित की थी। भारत ए अभी भी 338 रन से पीछे है।

तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट लिए जबकि मैथ्यू पॉट और कैलम पार्किंसन को दो-दो विकेट मिले। भारत ए ने चार विकेट 24 रन पर और सात विकेट 95 रन पर ही गंवा दिए थे। पाटीदार एक छोर संभाले रहे जिन्हें तुषार देशपांडे का साथ मिला। देशपांडे ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने कल के स्कोर तीन विकेट पर 382 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान जोश बोहानन ने 182 गेंद में 125 रन बनाए जबकि डैन मूसले ने 68 रन की पारी खेली। भारत के लिए स्पिनर मानव सुतार ने चार विकेट लिए।

नई दिल्ली : हमवतन प्रियांशु पर जीत पाने के बाद एचएस प्रणय।

ब्लिकोवा ने रिकॉर्ड टाईब्रेकर में उलटफेर किया, स्वियातेक जीती

मेलबर्न (एपी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में 57वीं रैंकिंग की अन्ना ब्लिकोवा ने एलीना रिबाकिना को महिला ग्रैंड स्लैम के सबसे लंबे टाईब्रेकर में 6-4, 4-6, 7-6 (20) से हराकर उलटफेर किया। यह टाईब्रेकर 42 अंक के लिहाज से महिला मेजर का सबसे बड़ा टाईब्रेकर रहा।

चार बार की मेजर विजेता स्वियातेक का सामना अब 50वीं रैंकिंग पर काबिज लिडा नोस्कोवा से होगा जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मैकार्टनि केसलर पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत हासिल की। पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका पेगुला का सफर क्लारा बुरेल से 4-6, 2-6 से हारकर खत्म हो गया। उनकी अमेरिकी साथी स्लोआने स्टीफंस ने 14वीं वरीय दारिया कासातकिना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। येलेना ओस्टपेंको, झेंग किनवेन, एलिना स्वितोलिना और एम्मा नवारो भी अपने मुकाबले जीतने में सफल रही। एम्मा राडूकानू को वांग याफान से 4-6, 6-4, 4-6 से हार मिली।

पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने टूर्नामेंट में पहली बार एक सेट गंवाया लेकिन वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7 (3), 6-3, 7-6 (3) से मात दी और अब उनका सामना चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले 18 वर्षीय शांग जुनचेंग से होगा जिन्होंने भारत के सुमित नागर को हराकर बाहर किया। काजॉक्स ने होल्गर रूने को 7-6 (4), 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया।

दस खिलाड़ियों से वायुसेना ने गढ़वाल को सबक सिखाया

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना ने अंबेडकर स्टेडियम पर डीएसए प्रीमियर लीग में दस खिलाड़ियों से खेलते हुए गढ़वाल हीरोज को एक गोल से हरा कर पूरे अंक झटक लिए। विजेता का इकलौता गोल प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद आकिब ने जमाया। वायुसेना के भरोसे के खिलाड़ी अमल दास को गंभीर फाउल के लिए सातवें मिनट में लाल कार्ड दिखा दिया। लग रहा था कि गढ़वाल आसानी से मैच जीत जाएगी लेकिन दस खिलाड़ियों ने गढ़वाल को खूब परेशान किया। आकिब ने बॉक्स के ऊपर से दनदनाते लेफ्ट फुटर से मैच का एकलौता गोल जमाया। जिसे उतारने में गढ़वाल हीरोज नाकाम रही। दिन के पहले मैच में रॉयल रेंजर्स के खिलाफ खिलाड़ियों की कमी के चलते दिल्ली एफसी मैदान में नहीं उतरी। गढ़वाल के खिलाफ भी दिल्ली एफसी ने सात मिनट में मैदान छोड़ दिया था।

हैरी अकादमी जीती

नई दिल्ली। जीएस हैरी क्रिकेट अकादमी मन्नत खन्ना मेमोरियल अंडर -14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग में बोस्को क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से हरा दिया। बोस्को क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। जवाब में हैरी क्रिकेट अकादमी ने नौ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। महिम सहगल ने 64 रन की नाबाद पारी खेली। इश्मीत सिंह ने 33 रन बनाए। इशांन पाठक 2/23, प्रणय शर्मा 2/21, मुस्तफा 2/24, गारविन बेंदरे ने 1/8 ने अच्छी गेंदबाजी की।

प्रियांशु को हराकर प्रणय क्वार्टर फाइनल में, सात्विक-चिराग भी जीते

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने बृहस्पतिवार को पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए हमवतन भारतीय प्रियांशु राजावत को हराकर इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीय पुरुष युगल जोड़ी भी आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश करने में सफल रही।

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु को दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटा और 16 मिनट में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया। एशियाई खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी ने ल्यु चिग याओ और यैंग पो हान की चीनी ताइपे की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 21-14, 21-15 से जीत दर्ज की।

सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सात्विक और चिराग की भिड़ंत किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन की डेनमार्क की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगी जिन्होंने चेन बो चैंग और ल्यु यी की चीन की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 13-21, 22-20, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पुरुष एकल में विश्व चैंपियन कुनलावुत वितिदसार्न उलटफेर का शिकार होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

इंडिया ओपन — बैडमिंटन

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने अमेरिका की बेइवेन झैंग को दूसरे दौर के मुकाबले में 21-19, 14-21, 21-14 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले चैंपियन और सातवें वरीय थाईलैंड के विंतिदसार्न को पहला गेम जीतने के बावजूद हांगकांग के ली च्युक यियू के खिलाफ बेहद कड़े मुकाबले में 21-16, 20-22, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

एशियाई खेल और ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के तीसरे वरीय ली शी फेंग भी दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार हो गए। उन्हें जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ 14-21, 21-13, 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आन से यंग को लगातार दूसरे दौर में तीन गेम तक जूझना पड़ा। क्वार्टर फाइनल में आन से यंग की भिड़ंत सिंगापुर की यिओ जिया मिन से होगी जिन्होंने उलटफेर करते हुए इंडोनेशिया की सातवीं वरीय ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराया। जिया मिन ने कड़े मुकाबले में सीधे गेम में 25-23, 21-14 से जीत दर्ज की।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की चौथी वरीय ताइ यू यिग ने थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग को सीधे गेम में 21-12, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता चीन की छठी वरीय ही बिग जियाओ ने भी आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। उन्होंने थाईलैंड को पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-6, 21-11 से शिकस्त दी।

अमेरिका में ऐपल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर प्रतिबंध

सैन फ्रांसिस्को (वार्ता)। अमेरिका में ऐपल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं। ऐपल ने दिसम्बर में प्रभावित घड़ियों को अपने ऑनलाइन और खुदरा स्टोर से कुछ समय के लिए हटा दिया था, जबकि स्टॉक में उन उपकरणों वाले खुदरा विक्रेता अभी भी उन्हें बेच सकते हैं।

रोहित सुचांती ने 'भाग्य लक्ष्मी' के सेट पर दिखाया क्रिकेट कौशल

मुंबई (आईएएनएस)। शो 'भाग्य लक्ष्मी' के सेट पर अभिनेता रोहित सुचांती अक्सर अपने सह-कलाकार अमन गांधी और शो के क्रू के साथ शूटिंग में बाधा डाले बिना एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आनंद लेते हैं। अभिनेता को काम के तनाव को दूर करने और एकरसता को तोड़ने के लिए बीच-बीच में कुछ समय के ब्रेक की आवश्यकता होती है। इस बारे में बात करते हुए शो में ऋषि की भूमिका निभाने वाले रोहित ने कहा, हालांकि हम शो के लिए हर दिन समर्पित रूप से शूटिंग कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी हमें अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ ब्रेक की आवश्यकता होती है, और अपने ब्रेक के समय को मज़ेदार और मनोरंजक बनाने के लिए, अमन और मैं आमतौर पर अपने क्रू सदस्यों के साथ क्रिकेट खेलते हैं।

'ब्लडी इश्क' के लिए विक्रम भट्ट के साथ काम कर रही हैं अविका गौर

मुंबई (आईएएनएस)। 'बालिका वधू', '1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट' में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री अविका गौर जल्द ही महेश भट्ट द्वारा लिखित और विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्लडी इश्क' में नजर आएंगी। यह फिल्म '1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट' के बाद भट्ट परिवार के साथ उनका दूसरा सहयोग है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उसी के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं भट्ट के साथ अपने दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर रोमांचित हूं। महेश जी लेखन का काम संभाल रहे हैं, और विक्रम जी इस बार निर्देशन कर रहे हैं। कृष्णा भट्ट के साथ '1920' पर हमारे पिछले सहयोग के बाद विक्रम भट्ट के साथ काम करना और भी रोमांचक है। मैं फिल्म निर्माण में उनके व्यापक अनुभव से सीखने के लिए उत्सुक हूं। ऐसे अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ना एक बकेट लिस्ट के सपने को पूरा करता है। उन्होंने आगे कहा, कहानी और पूरी फिल्म की निर्माण प्रक्रिया अविश्वसनीय रूप से दिलचस्प है। हालांकि मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती, लेकिन कुल मिलाकर अनुभव अद्भुत रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं इसका हिस्सा हूं। मैं उन लोगों के साथ काम करने के लिए भाग्यशाली हूं जिनकी मैं वास्तव में दिन-रात प्रशंसा करती हूं।

टिकटॉक के कारण अमेज़ॅन के कर्मचारी की नौकरी गई

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। अमेज़ॅन के लिए सात साल तक काम करने वाले एक कर्मचारी ने दावा किया है कि उसे नौकरी से निकाल दिया गया क्योंकि उसने टिकटॉक पर एक वीडियो बनाकर पोस्ट किया था। वीडियो में उसने मजाक में ग्राहकों से भारी सामान ऑर्डर करना बंद करने के लिए कहा था। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, टिकटॉकर, जिसका पहला नाम केंडल है, ने पिछले हफ्ते एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें खुलासा हुआ कि रिटेल दिग्गज ने उसे उसकी शिकायतों के कारण बर्खास्त कर दिया है। टिकटॉकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को अमेज़ॅन किंग भी कहता है। उसने कहा, नमस्कार दोस्तों, मेरे पास कुछ बुरी खबर है। अमेज़ॅन ने मुझे निकाल दिया है। सात साल ऐसे ही बर्बाद हो गए। लंबी कहानी को संक्षेप में कहें तो, मैंने लगभग चार सप्ताह पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें लोगों से कहा था कि वे अमेज़ॅन से भारी सामान खरीदना बंद कर दें क्योंकि, एक अमेज़ॅन कर्मचारी के रूप में, मैं भारी सामान उठाते-उठाते थक गया हूं। उसने आगे कहा कि अधिकांश दर्शकों को उनके वीडियो फनी लगे। उसने कहा, ज्यादातर लोगों ने इसे मजाक के रूप में लिया, खासकर यदि आप अमेज़ॅन में काम करते हैं, तो आप जानते हैं कि मैं कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर बोल रहा था... लेकिन मेरे वीडियो से बहुत से लोग नाराज हैं। टिकटॉकर ने भी माफी मांगते हुए कहा कि उसका इरादा नुकसान पहुंचाना नहीं था। केंडल ने कहा, अगर आप उस वीडियो से आहत हुए हैं, तो मुझे खेद है। मेरा इरादा कभी भी किसी को ठेस पहुंचाने या किसी के साथ भेदभाव करने का नहीं था। मैं बस एक मज़ेदार वीडियो बनाना चाहता था। मैं ऐसा यूं ही नहीं कह रहा हूं। मैं पहले ही अपनी नौकरी खो चुका हूं और दोबारा नौकरी पर रखने के लायक नहीं हूं, इसलिए कृपया मुझे माफ कर दें। इस बीच, खबर है कि अमेज़ॅन के स्वामित्व वाली ऑडियोबुक और पॉडकास्ट डिवीजन ऑडिबल ई-कॉमर्स दिग्गज में नौकरी में कटौती के हिस्से के रूप में अपने 5 प्रतिशत कर्मचारियों यानि 100 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह ट्विच, प्राइम वीडियो और एमजीएम स्टूडियोज में सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी के बाद, अमेज़ॅन भी ऑडिबल में कर्मचारियों की संख्या कम कर रहा है।

'मेहंदी वाला घर' का प्रीमियर 23 को



मुंबई (वार्ता)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नये शो 'मेहंदी वाला घर' का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। 'मेहंदी वाला घर' उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इस शो में शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद,रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है। विभा छिब्बर ने बताया,जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है ।मुझे जानकी जैसे किरदार निभाने में मजा आता है। आपको भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक 'मेहंदी वाला घर' को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे जिसके साथ इसे बनाया गया है, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार अनुभव बन जाएगा। करण मेहरा ने कहा,परिवार एक पेड़ की शाखाओं की तरह है, हम अलग-अलग दिशाओं में बढ़ते है, फिर भी हमारी जड़ें एक रहती है। यह मेहंदी वाला घर का सार है, जो वास्तव में मुझे पसंद आया और मेरे लिए इस शो के लिए हां कहने का सबसे बड़ा कारण बन गया। मनोज अग्रवाल का किरदार निभाना एक बेहद फायदेमंद अनुभव रहा है, जिससे मुझे इंसानी रिश्तों की उलझनों और परिवारों को एक साथ बांधने वाले मूल्यों का पता लगाने का मौका मिला है।

सचिन-जिगर और श्रेया का गाना 'तू मेरी है' 19 को होगा रिलीज

मुंबई (वार्ता)। संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर का रोमांटिक सिंगल 'तू मेरी है' 19 जनवरी को रिलीज होगा। सचिन-जिगर ने कहा, 'तू मेरी है बहुद सुंदर गीत है और हम दर्शकों द्वारा इसे अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकते। 13 साल की लंबी अवधि के बाद अत्यंत प्रतिभाशाली श्रेया घोषाल के साथ सहयोग करना अद्भुत लगता है। उसके साथ हमेशा बेहद सकारात्मक और शानदार रचनात्मक ऊर्जा काम करती रहती है। अपने नए गाने के साथ, हमने एक बार फिर जादू पैदा करने की कोशिश की है। हम वास्तव में उत्साहित है और'तू मेरी है' पर सभी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे है।

ओरी का खुलासा काजोल ने नहीं खिंचवाई थी साथ में तस्वीर

मुंबई (आईएएनएस)। बी-टाउन सितारों के साथ अक्सर सेल्फी लेने वाले ओरी स्ट्रीमिंग चैट शो 'कॉफी विद करण' के फिनाले सीजन में दिखाई दिए। एपिसोड के दौरान, ओरी ने खुलासा किया कि एक बार अभिनेत्री काजोल की सुरक्षा टीम ने उनके साथ तस्वीर लेने से मना कर दिया था। यह घटना तब हुई जब ओरी न्यूयॉर्क के एक कॉलेज में थे और एक अटेंडेंट के रूप में अपनी पहली नौकरी कर रहे थे। ओरी ने शो होस्ट करण जौहर को बताया, जब मैं न्यूयॉर्क में कॉलेज में था तो मेरी पहली नौकरी 'चिल्ड्रन शुड वॉश देयर हैंड्स कॉन्फ्रेंस' में एक पद के लिए थी। बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मैं काजोल के लिए अटेंडेंट नंबर 3 था और शायद वह भी यह नहीं जानती। मुझे लगता है कि यह 2013 में न्यूयॉर्क में द पियरे में हुआ था। उन्होंने आगे कहा, वह भाषण दे रही थी और मैंने उसकी सुरक्षा में लगे लोगों से एक फोटो लेने की अनुमति मांगी, मगर मना कर दिया गया। इसके बाद करण ने कहा, बड़ी विडंबना है, उन्हें नहीं पता होगा कि इतने सालों में एक दिन आप उनकी बेटी (न्यासा देवगन) के साथ लाखों तस्वीरों में होंगे। ओरी ने कहा, हां, जिंदगी का चक्र पूरा होता है। मैं न्यासा से ऐसे प्यार करता हूं जैसे वह मेरी छोटी बहन है।

अंगूरी के एआई अवतार पर खुलकर बोलीं शुभांगी अत्रे

मुंबई (आईएएनएस)। सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने अपने किरदार के एआई वर्जन को निभाने के बारे में खुलकर बात की और कहा कि कैसे वह हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश करती हैं। अभिनेत्री ने कहा, जब भी मुझे कुछ अलग करने का मौका मिलता है तो यह मेरे लिए सबसे अच्छा होता है कि मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर कुछ करूं और मुझे कई मौके मिले हैं। हाल

ही में मैंने अंगूरी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्जन निभाया है और एक अभिनेत्री के रूप में मैंने बहुत कुछ सीखा है। शुभांगी सोचती हैं कि हर माध्यम अपने-अपने दर्शकों के समूह को पूरा कर रहा है, क्योंकि शहरी आबादी बहुत अधिक ओटीटी देखती है वही, ग्रामीणों का टीवी या फिल्मों में झुकाव रहता है। एक अभिनेत्री होने के नाते मेरे लिए माध्यम मायने नहीं रखते। मुझे बस अपना काम करना पसंद है यानी अभिनय करना। शुभांगी ने आगे कहा कि हास्य भूमिका निभाना चुनौतीपूर्ण है और वह इसका आनंद ले रही हैं।

रॉटरडैम में होगा फिल्म अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर

मुंबई (वार्ता)। लेखक-निर्देशक अनिर्बान दत्ता की फिल्म 'अनुभूति' का वर्ल्ड प्रीमियर, रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल 2024 में होगा। रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में 25 जनवरी से 04 फरवरी के बीच किया जा रहा है। यह फिल्म भारत की मशहूर कवयित्री और कृष्ण भक्त मीरा बाई के जीवन को एक अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करती है, जिन्होंने आजीवन संगीत और काव्य के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति को व्यक्त किया। इस फिल्म में अरिज सेनगुप्ता, शमिला भट्टाचार्य और रितिक भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म

का संगीत वैशाली सिन्हा ने दिया है। वैशाली सिन्हा ने पंडित अजय चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म के गानों को अपनी आवाज से सजाया भी है। 'अनुभूति'के वर्ल्ड प्रीमियर के बारे में अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए अनिर्बान दत्ता ने कहा, अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल जैसे मशहूर फिल्म फेस्टिवल में होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है।

इस साल गूगल में अधिक नौकरियों की कटौती संभव सुंदर पिचाई

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों को इस साल और अधिक नौकरियों में कटौती के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। द वर्ज की रिपोर्ट में एक आंतरिक ज्ञापन का हवाला देते हुए कहा गया है कि गूगल, जिसने एक सप्ताह में विभिन्न विभागों में एक हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, और अधिक नौकरियों में कटौती की संभावना है। पिचाई ने ज्ञापन में कर्मचारियों से कहा, हमारे पास महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं और हम इस साल अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में निवेश करेंगे। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि इस निवेश के लिए क्षमता बनाने के लिए हमें कठिन विकल्प चुनने होंगे। ज्ञापन में, पिचाई ने कहा कि नवीनतम भूमिका समाप्ति पिछले साल की कटौती के पैमाने पर नहीं है, और हर टीम को प्रभावित नहीं करेगी। गूगल सीईओ ने कहा, लेकिन मैं जानता हूं कि सहकर्मियों और टीमों पर इसका असर देखना बहुत मुश्किल है। इस वर्ष की छंटनी निष्पादन को सरल बनाने और कुछ क्षेत्रों में गति बढ़ाने के लिए परतें हटाने के बारे में है। पिचाई ने आगे लिखा, इनमें से कई बदलावों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। पिछले सप्ताह लगभग 1,000 कर्मचारियों की छंटनी करने के बाद, गूगल कथित तौर पर चल रहे पुनर्गठन अभ्यास के हिस्से के रूप में अपनी विज्ञापन बिक्री टीम में कुछ सौ और नौकरियों में कटौती कर रहा है।

गूगल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी फिलिप शिंडलर ने एक ज्ञापन में कर्मचारियों को बताया कि ताजा कटौती गूगल की बिक्री टीम के संचालन के तरीके में बदलाव का परिणाम है।

बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी फिलिप शिंडलर ने एक ज्ञापन में कर्मचारियों को बताया कि ताजा कटौती गूगल की बिक्री टीम के संचालन के तरीके में बदलाव का परिणाम है। गूगल के एक प्रवक्ता ने भी पुष्टि की कि पुनर्गठन के हिस्से के रूप में वैश्विक स्तर पर कुछ सौ भूमिकाएं समाप्त की जा रही हैं। पिछले साल जनवरी में, गूगल ने अपने कर्मचारियों की संख्या में 12 हजार या लगभग 6 प्रतिशत पूर्णकालिक कर्मचारियों की कटौती की थी।

दो साल बाद मासूम मृतक शारदा को न्यायालय से मिला इंसाफ : वहसी दरिंदों को मिला आजीवन कारावास

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र ग्राम सभा विशुनपुर अदरौना के टोला रेहरवा रेलवे अंडर पासिंग के पास दिनांक 18 अक्टूबर 2021 को 12 वर्षीय नाबालिग लड़की शारदा मर्डर केस में दो साल बाद सलाखों के पीछे बंद तीन वहसी दरिंदों को मिली सजा।मृतक मासूम बच्ची को न्यायालय से मिला इंसाफ वहसी दरिंदों को मिला आजीवन कारावास। बताते चलें कि यह घटना 18 अक्टूबर 2021 रविवार की रात लेहडा स्टेशन से कुछ दूरी पर रेहरवा अण्डर पास के पास एक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली दलित मासूम की 12 वर्षीय बच्ची के साथ उसी क्षेत्र के रहने वाले तीन लड़के शुल्दु उर्फ मुकेश पुत्र रतन राजभर उम्र करीब 19 वर्ष 2. विजय पुत्र बैजनाथ यादव उम्र करीब 20 वर्ष 3. जितेन्द्र उर्फ बबुनी पुत्र अलगू ने शराब के नशे में पहले बारी बारी से तीनों ने बलात्कार किया जब बच्ची की हालत खराब हो गई तो फिर उसका मुंह दबाकर हत्या कर दिए उसके बाद चाकू उसके गुप्तांग मे डालकर प्राईवेट पार्ट सब निकाल लिए इतना बड़ा दिल दहलाने वाली यह घटना निकली जिसने भी सुना दांतों तले उंगली दबा लिया पूर्व थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह द्वारा मीडिया को बताया गया कि किसी जानवर द्वारा मार कर खाया गया है पीएम रिपोर्ट में भी जानवर के खाने की पुष्टि पुलिस द्वारा की गई परन्तु किसी को भी इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था इस प्रकार की मासूम बच्ची के साथ अत्याचार की घटना कुछ और ही इशारा कर रहा है समाज के राजनीतिक दलों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने कमलेश सिंह का ट्रांसफर कर दिया उसके बाद देवेंद्र प्रताप सिंह ने थानाध्यक्ष का पदभार संभाला। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बृजमनगंज थानाध्यक्ष ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया इस खबर को प्रखर पूर्वांचल मीडिया में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया की मासूम बच्ची का कातिल वहसी दरिंदा या इंसान।पुलिस अधीक्षक द्वारा इन दुर्दान्त वहशी दरिंदों को आरोपियों पंजीकृत मु०अ०सं०241/2021 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात (ब्लाइंड मर्डर) मे थानाध्यक्ष बृजमनगंज मय टीम व एसओजी प्रभारी मय टीम के द्वारा दिनांक 22/10/2021 को सफल अनावरण करते हुए मु० अ०सं०-241/2021धारा 302,201, 376 डी भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट व 3(2) (5) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवा० अधिङ्ग से सम्बन्धित धारा लगाकर जेल भेज दिया गया था। प्रेस रिपोर्ट वर्तमान थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी द्वारा सौपे गए रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 18/01/2024 को न्यायालय ने साक्ष्य एवं सबूत के आधार पर फैसला सुनाते हुए आरोपी अभियुक्त को दोषी पाए जाने पर धारा 376 (डी) एवं धारा 302 भारतीय दंड संहिता एवं 3(2) 5 ससीएसटी एक्ट के तहत दोनों अभियुक्तो को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं साथ ही साथ एक नाबालिक अभियुक्त जितेंद्र उर्फ बबुनी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की भी सजा से दंडित किया गया है। साथ ही साथ अर्थदंड की समस्त धनराशी 42,000 मृतिका के परिवार को दिया जायेगा।समाजसेवी विनोद जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार मे अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे गरीबों को मिल रहा हैं न्याय। कोर्ट और प्रशासन को न्याय देने के लिए धन्यवाद व्यापित किया।

दूसरी बार कायाकल्प के बाद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेहड़ा को प्रदेश में मिला स्थान

प्रखर केराकत जौनपुर। विकास खण्ड केराकत के बेहड़ा ग्राम सभा में अपने प्रयासों से जिले मे ही नहीं प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने मे कामयाब रहा, और ये सब संभव हुआ जिले के क्वालिटी इन्सुरेंस डॉ क्षितिज पाठक व टीम के कड़ी मेहनत और उचाधिकारिओ के निरन्तर प्रयास से जिले के बेहड़ा मे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुधांशु पाण्डेय व एनएम, प्रीति राय ने अपने प्रयासों से नेशनल क्वालिटी इन्सुरेंस स्टैंडर्ड में स्थान प्राप्त कर प्रदेश मे परचम लहराया व जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह व जिलाधिकारी जौनपुर ने उपलब्धि पत्र लेने के बाद प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव पार्थ सारथी से भी उन्हें लखनऊ मे स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के बिच सम्मानित किया, ये उपलब्धि पाने वाले प्रदेश भर मे केवल 53 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ही है, जिसमे बेहड़ा ने प्रदेश स्तर पर विशेष स्थान प्राप्त किया, इससे ब्लॉक व जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीओ मे हर्ष का माहौल है, इस उपलब्धि पर स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बेहड़ा सुधांशु पांडेय को बधाई देने वालो का तांता लगा है, सुधांशु पांडेय मूल रूप से चोलापुर थाना क्षेत्र के सहड़ी ग्राम सभा के निवासी हैं।

राम कथा से जीव शिव हो जाता है : गोविंद गोपाल दास

प्रखर कसया, कुशीनगर। नगर स्थित चित्रतूली गली के जानकी धर्मशाला में अन्तर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा शुरू हुआ। गुरुवार की देर शाम श्रीराम कथा के प्रथम दिन कथा व्यास प्रभु गोविंद गोपाल दास ने भक्तों को कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि केवल भगवान राम एवं भगवान कृष्ण की कथा ही सुनने योग्य होती है, मनुष्यों की कथा नहीं व्यथा है। जो व्यक्ति भगवान की कथा सुनते हैं, भगवान उनकी व्यथा हर लेते हैं। कथा व्यास ने आगे कहा कि भगवान राम की कथा नर्मदा नदी के समान है। जैसे नर्मदा नदी में बड़ा शिलाखण्ड घिसते घिसते शंकर हो जाता है। वैसे ही भगवान राम की कथा से जीव शिव हो जाता है। भगवान की कथा से काकभुसुन्डि जी का स्वर भी मीठा हो जाता है। शिवजी अपने ललाट पर टेढ़ेचन्द्रमा को धारण करते हैं। क्योंकि उनके आराध्य भगवान राम चन्द्र में चन्द्र है। गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए गोविंद गोपाल दास प्रभु जी ने कहा कि सारे तीर्थ गुरू के चरणों में होता है। संचालन अमन प्रभु ने किया। कथा व्यास के साथ संगत विजय वर्मा प्रभु, अनुभव प्रभु ने किया। सभासद राजेश मद्धेशिया, राजन जायसवाल, संजय मद्धेशिया, विजय गुप्ता, उमेश चन्द्र गुप्त,संजय साहनी, विनय साहनी, बांके, अजय, विकास, राजेन्द्र जायसवाल, रामेश्वर, दीपक वर्मा, प्रदीप, दिनेश अग्रवाल, जयप्रकाश, भोला, सुधारानी, पूनम देवी, कमलावती, प्रभावती, कृष्णामयी आदि उपस्थित रहे।

जमीन अधिग्रहण को लेकर सरकार के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कई किसान संगठनों ने जमीन अधिग्रहण को लेकर कचहरी वरुणापुल स्थित शास्त्री घाट पर जनसभा कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेंद्र प्रसाद यादव एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश आवास विकास एवं परिषद 1965 के तहत किसानो की जमीन अधिग्रहण करना चाह रही है जो सरे-सरे गलत है इस कानून के तहत जमीन नहीं ली जा सकती है क्योंकि अधिग्रहण कानून 2013 लागू हो चुका है ` किसान न्याय मोर्चा प्रदेश महासचिव अशोक प्रजापति (एडवोकेट) ने कहा काशी द्वार योजना , वैदिक सिटी योजना, वर्ल्ड एक्सपो सिटी योजना,विद्या निकेतन योजना, वरुणा बिहार जोन 1,वरुण विहार जोन 2 के तहत आवास एवं विकास परिषद किसनो की जमीन जबरदस्ती लेना चाहती है पर किसान किसी भी कीमत पर अपनी बहु फसली जमीन देने को तैयार नहीं है और वह शासन प्रशासन से हर स्तर पर लड़ने को तैयार है वह न्यायालय का भी रुक अपनाएंगे धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल करेंगे पैदल मार्च निकलेंगे अपने जनप्रतिनिधियों सांसद मंत्रियों विधायकों का घेराव भी करेंगे` किसान सभा के प्रदेश सचिव हीरालाल यादव ने कहा कि जनसभा के बाद पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी को पत्रक दिया जाएगा और पत्रक एसीपी कैंट ने लिया और आश्वासन दिया कि हम आपका पत्रक जिलाधिकारी और कमिश्नर को तक पहुंचा देंगे ` राम जी सिंह ने कहा कि यदि कोई कार्रवाई नहीं होती है तो आगे की रणनीति हम सभी किसान संगठन मिलकर तय करेंगे` उक्त सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, अरविंद सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश पटेल ,लच्छू पटेल , प्रेम कुमार , धर्मराज राठौर, शिव वचन यादव, नंदलाल शास्त्री, राजेश सिंह, रविंद्र पटेल , रामजी सिंह, गीता पटेल, संगीता पटेल, लालमनी देवी, पूनमदेवी, अर्चना पटेल ,अंजू देवी ,राधिका देवी,चमेली देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे, संचालक अशोक प्रजापति ने किया।

एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । महोदय द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक, डायल 112 आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी । शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

अयोध्या में लगेगी कारागार में निरुद्ध बंदियों की बनायीं अद्भुत वॉल हैंगिंग

हाथ से बुनी वॉल हैंगिंग को शासन से अनुमति के बाद भेजा गया अयोध्या, जेल में बंद कैदियों का हुनर देख जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शासन को लिखा था पत्र

भदोही। अयोध्या में श्रीरामलला की स्थापना की गूंज पूरी दुनिया में है। राममंदिर निर्माण और स्थपना में हर कोई अपना सहयोग देना चाहता है। उत्तर प्रदेश का जनपद भदोही इन दिनों सुर्खियों में है। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों ने अद्भुत वॉल हैंगिंग का निर्माण किया है। इसे मंदिर के गर्भ गृह के निकट, हाल व गैलरी में लगाये जाने की संभावना। भदोही दुनिया भर में कालीन निर्माण के लिए विख्यात है। जिला कारागार ज्ञानपुर में बंदियों ने दीवारों पर टांगी जाने वाली सात वॉल हैंगिंग की बुनाई की है। जिसमें श्रीराम-सीता दरबार, राम जन्मभूमि मंदिर आकृति विशेष है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने इस विशेष कालीन को जेलर के साथ विशेष वाहन से अयोध्या भेज दिया है। जहाँ उसे अयोध्या के मंडलायुक्त को सप्रेम भेंट किया जाएगा। वॉल हैंगिग को 12 बंदी बुनकरों ने बुना है। पिछले 15 दिनों से इस तन्मयता से जुटे हुए थे। इसे मंदिर के गर्भ गृह के निकट, मंदिर के हाल व गैलरी में लगाये जाने की संभावना है। जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी ने हाल ही में इसको भेंट स्वरूप देने को लेकर शासन को पत्र लिखा था। अनुमति के बाद कारीगरों को काम पर लगाया गया था। सुंदर वॉल हैंगिंग भक्तों का मनमोह लेगी। इस पर कलात्मक चित्रकारी कैदियों की तरफ से की गयी है। कलाकृतियां पर्यटकों को लुभाने में मददगार होगी। रामलला के दरबार में सुंदरता बिखेरेगी। भदोही गलीचों का शहर है यहां का कार्पेट अमेरिका के ह्वाइट हाउस की शोभा बढ़ाता है। हाल ही में निर्मित नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गई है। यशोभूमि भारत मंडपम में भी भदोही के कालीन की चर्चा रही रहीं।

उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक चिरईगांव में सम्पन्न

प्रखर चिरईगांव वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ चिरईगांव की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष श्री ज्योति भूषण त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक संशाधन केंद्र आशापुर में आहूत की गई। इसमें प्राथमिक विद्यालय चांदपुर की सहायक अध्यापिका श्रीमती कल्पना तिवारी जी को सर्वसम्मति से ब्लॉक संगठन मंत्री का दायित्व सौपा गया। आज की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खड़ेश्वरी बाबा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री आलोक तिवारी जी मौजूद रहे। बैठक का संचालन ब्लॉक मंत्री शैलेन्द्र पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन पार्थेश्वर पाण्डेय ने किया। आज की बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री अशोक कुमार सिंह, रंजना मिश्रा, विनीता सिंह, विनोद श्रीवास्तव, अनूप सिंह, पीयूष मालवीय, सुनील कुमार तिवारी,घनश्याम भारती, राजेश सिंह यादव,अंबरीश कुमार,सलमा बानो, सुनैना धारणा आर्या, पूर्णिमा मजूमदार, महेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद सहित कई अध्यापक-अध्यापिका मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

नरायनपुर में आयोजित हुई भव्य श्री राम ध्वजा यात्रा

प्रखर वाराणसी। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे अपने आराध्य रामलला के भव्य दिव्य मंदिर स्थापना के अवसर पर बृहद ध्वजा यात्रा का आयोजन हुआ, ध्वजा यात्रा ग्राम सभा नारायणपुर के श्री डीह बाबा मंदिर से शुभारंभ हुआ और ग्राम सभा के सभी प्रमुख मंदिर पंचशिवाला, बुढ़ऊ महादेव,श्री दुर्गा माता मंदिर,श्री हनुमान जी मंदिर एवं कालीमाता मंदिर होते हुए पूरे ग्राम सभा में भ्रमण किया आम जनमानस का उत्साह देखते ही बन रहा था पूरा गाँव राममय धुन में डूबा था। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन अवनीश पाठक ने किया उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष चौहान, खेल्लन पाल, राजेश, पूनम, आरती, सीमा, मंजु, शिवमूरत पाठक, रामसिंह, बैजनाथ राम, समेत सैकडो ग्रामवासी व महिलायें मौजूद रही।

श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकली कलश यात्रा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा में श्रीराम मन्दिर में प्रभु राम के मूर्ति स्थापित करने के पूर्व शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश रख नगर भ्रमण किया और ठंड में महिलाओं की भक्ति व शक्ति देख हर लोग दंग थे। कलश यात्रा सिंधोरा चौराहा से होते हुए सिंधोरा बाजार व तिराहे पर होते हुए स्थापना स्थल पर जाकर समाप्त हुई। सुबह 11 बजे शंखनाद व पूजन के साथ यात्रा गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल के बीच निकली। रास्ते मे घरों से लोग निकल कर कलश यात्रा का लोगों ने स्वागत किया। मन्दिर संरक्षक सुनील यादव ने बताया कि प्राचीन शिव हनुमान मंदिर परिसर में बने श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 को होगी और उसी दिन भंडारा होगा। वही कलश यात्रा के दौरान ग्रामीण महिला पुरुष के अलावा आरएसएस के लोग भी शामिल हुए। जिसमे पिंडरा खंड संयोजक रमेश जायसवाल, संरक्षक बिरेंद्र मिश्र ,खंड कार्यवाह ओम दीक्षित, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रमोद उपाध्याय , जिला बौद्धिक प्रमुख हेमंत मिश्रा तथा विश्व हिंदू परिषद से विनय मिश्रा, चंचल मिश्रा सरोज सोनकर, सोनू मोन्दनवाल व राजू बाबा समेत सैकड़ो लोग यात्रा में शामिल हुए।

एन आई एक्ट एवं विद्युत के लंबित मामलों हेतु आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

प्रखर संतकबीरनगर । जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने बताया है की उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर आगामी दिनांक 22 जनवरी, 23 जनवरी एवं 24 जनवरी 2024 को एन.आई. एक्ट तथा दिनांक 29 जनवरी, 30 जनवरी एवं 31 जनवरी को विद्युत से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत प्रातः 10:00 बजे से सायं 03 बजे तक संबंधित न्यायालय में आयोजित होगा। इस विशेष लोक अदालत में एन आई एक्ट अर्थात चेक बाउंस तथा विद्युत अधिनियम 2003 के मामलों का निस्तारण सुलह - समझौते के आधार पर किया जाएगा। एन आई एक्ट के मामले लोवर कोर्ट तथा विद्युत के मामले अपर जिला जज फास्ट्रैक द्वितीय में लंबित हैं। पक्षकार स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लोक अदालत में प्रतिभाग करते हुए सुलह समझौते के आधार पर अपने मामलों का निस्तारण कर सकते हैं।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विशेश्वरगंज भैरवनाथ व्यापार मंडल एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की क्षेत्रीय संयोजक द्वारा निकली गई भव्य श्री राम शोभायात्रा

प्रखर वाराणसी। मैदागिन भैरवनाथ व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ काशी क्षेत्र की संयोजक सुष्मिता सेठ के नेतृत्व में आज मैदागिन स्थित पेट्रोल पंप गाजे बजे के साथ भव्य श्री राम शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा मैदागिन, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गौदोलिया,होते हुए दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क में समाप्त हुआ इस अवसर पर सुष्मिता सेठ ने बताया कि 500 वर्षों की प्रतिष्ठा के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है इस शोभा यात्रा में सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने शोभा यात्रा में भाग लिया एवं जय श्री राम का नारा लगाते हुए शोभा यात्रा बजे बाजे के साथ चल रहा था जिसमें देश की जनता और काशी के लोग भी ज्यादा उत्साहित है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं